**Gurgaon Unit: 23.12.2022**

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प अनुसार कल चतुर्दशी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 77 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 3-3 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी।और श्री महावीर भगवान की आरती तथा

जिनवाणी माता की स्तुति की । इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया ।
राजेश जैन,सचिव

**Firozabad Unit: 23.12.2022**

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम फिरोजाबाद इकाई की मासिक बैठक गुरुवार 22 दिसम्बर को मंत्री अनिल कुमार जैन (इलाहाबाद बैंक) के निवास पर आयोजित की गई है.
बैठक में मंगलाचरण एवं स्वागत उद्बोधन कोषाध्यक्ष डाॅ विनोद कुमार जैन ने किया. मंत्री अनिल कुमार जैन ने आगामी कार्यक्रम राष्ट्रीय अधिवेशन एवं पंचकल्याणक महोत्सव के बारे में विस्तार से बताया. उपस्थित सभी सदस्यों ने दोनों ही कार्यक्रमों में सहभागिता की स्वीकृति दी. अध्यक्ष अमित कुमार जैन ने उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और अधिक से अधिक संख्या में उपरोक्त कार्यक्रमों में शामिल होने का आव्हान किया.
बैठक में मुख्य प्रबंधक जौली जैन, सुधीर जैन, सी पी जैन, सानू जैन ने भी अपने विचार रखे.

**Ghaziabad Unit: 23.12.2022**

Our members has participated in Rally against notification of Shri Sammed Shikhar ji Tirth Kshetra as tourist place organized by Sakal Jain Samaj Ghaziabad on 23.12.22 Friday. We're thankful to our members.

S. K. Jain, president

V. K. Jain, secretary

**Jaipur Unit: 26.12.2022**

सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल के स्थान पर संवेदी तीर्थ क्षेत्र घोषित करने की मांग हेतु रविवार, 25 दिसंबर को जयपुर में आयोजित मौन पद जुलूस में समाज के सभी वर्गों द्वारा सहभागिता निभाई गई । जैन बैंकर्स फोरम, सपरिवार इसका हिस्सा रहा है ।
जैन बैंकर्स फोरम इस जुलूस में जुलूस का शुरुआती स्थल (starting point) एवं पार्किंग व्यवस्था की जिम्मेदारी निभा रहा था, जो बिल्कुल अवरोध शून्य रही, जिसका श्रेय श्री अशोक जैन से. नि. सहायक महाप्रबंधक आईसीआईसीआई बैंक, श्री कमलचंद जैन सेवा वाले बीओबी, श्री धनु कुमार जैन एसबीआई, श्री राजेंद्र जी पापड़ीवाल आईसीआईसीआई, श्री सुरेश जी बज महारानी फार्म आदि को जाता है।
जुलूस में शालीनता, अनुशासन एवं समन्वय का समावेश था एवं इसमें सम्मिलित होना समाज के प्रत्येक व्यक्ति की व्यक्तिगत एवं सामूहिक जिम्मेदारी थी, जिसका सभी ने निर्वहन किया है।

**Lalitpur Unit: 30.12.2022**

**जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर एवम जैन एंबुलेंस सेवा समिति ललितपुर के तत्वावधान में विशाल ऑस्टियोपोरोसिस (BMD)जांच एवं उपचार शिविर सम्पन्न**

दिनांक 29/12/22 को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम एवम जैन एंबुलेंस सेवा समिति ललितपुर के तत्वावधान में आधुनिक मशीनो द्वारा विशाल जाँच एवं उपचार शिविर सम्पन्न किया गया।शिविर की अध्यक्षता दि. जैन समाज के महामंत्री डॉ अक्षय जैन taraiya ने की।शिविर में ऑस्टियोपोरोसिस विशेषज्ञ श्री अमित पांडे, श्री बोधराज यादवजी, मोनू प्रजापति,दीपेंद्र यादव ने अपने उद्बोधन में बताया कि 30 वर्ष की उम्र के बाद मनुष्य के शरीर की हड्डियों में कमजोरी एवं घिसाव प्रारम्भ हो जाता है एवं टूटने के जोखिम के साथ साथ जोड़ो में दर्द प्रारंभ हो जाता है इसके बचाव के लिए संतुलित जीवन शैली के साथ तनाव रहित जीवन, धूम्रपान एवं नशा की आदतों से बचाव एवं कैल्शियम व विटामिन डी युक्ति समुचित भोजन करने से हड्डियों की कमजोरी व घिसाव से बचा जा सकता है।उन्होंने कहा कि 50 वर्ष की उम्र के बाद नियमित जांच एव उपचार आवश्यक है।शिविर में लगभग 150 लोगों ने अपनी जांच कराकर उपचार लिया।शिविर को सफल बनाने में अध्यक्ष सनत जैन खजुरिया के साथ श्री विजय जैन लागोंन,राजकुमार सराफ,,गौरव जैन,महिपाल जैन,चंद्र कुमार जैन, सुरेंद्र सिंघई,अशोक कुमार जैन,प्रतीक जैन, सौरभ

जैन,जितेंद्र जैन टिंकू,आशीष ओशो अशोक जैन,रवि रतन जैन,प्रकाश जैन,अभय जैन,अनुज जैन आदि का विशेष सहयोग रहा।

**Jaipur Unit: 30.12.2022**

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम के सदस्यों ने दुर्गापुर जैन मन्दिर में प्रवासरत आचार्य सुनील सागर महाराज ससंघ को आचार्य विमल सागर महाराज के समाधि दिवस पर श्रीफल भेंट किया और प्रेणना स्वरुप समाज हित में कार्य करते रहने के लिया आशीर्वाद प्राप्त किया. फोरम के अध्यक्ष भागचंद मित्रपुरा व कार्याध्यक्ष पदम् जैन बिलाला के नेतृत्व में समाज में बैंकिंग व अल्पसंख्यक लाभों की जागरूकता व समाज सेवा में कार्यरत फोरम के बहुत से सदस्यों ने आचार्य के दर्शन किया. इससे पूर्व फोरम के उपाध्यक्ष जेके जैन कलाडोरा ने फोरम के अन्य पदाधिकारियों के साथ चित्र अनावरण व दीप प्रज्ज्वलन किया.

**Gurgaon Unit: 31.12.2022**

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प अनुसार कल अष्टमी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 78 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया ।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 3-3 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी ।ओर श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की । इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया ।

राजेश जैन

सचिव

**Jaipur Unit: 02.01.2023**

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर यूनिट द्वारा नव वर्ष 2023 को शांतिनाथ भगवान के दुग्धाभिषेक एवं शांति धारा कर के मनाया गया. एक जनवरी 2023 को शांतिनाथ भगवान के केवलग्यान दिवस के अवसर पर श्री महावीर दिगम्बर जैन मन्दिर चित्रकूट कालोनी सांगानेर में दूध से शांतिनाथ भगवान का अभिषेक व शांतिधारा करने का कार्यक्रम रखा गया था. जिसमें अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर यूनिट के अध्यक्ष श्री बाबू लाल जैन बिलाला ने अधिकतम बोली लगाकर शांतिधारा करने का सौभाग्य प्राप्त किया. इस अवसर पर बैंकर्स फोरम से पदम कुमार जैन, गुंजन जैन,सुशील कुमार जैन, बाबू लाल पापड़ीवाल, अभिषेक गंगवाल, स्नेहलता जैन, पुलकित जैन, तथा समाज के सैकड़ों लोग उपस्थिति हो कर धर्मलाभ प्राप्त किया.

**ABJBF Central Unit: 05.01.2023**

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ओर से एक पत्र आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को उनके पोर्टल पर श्री सम्मेद शिखर जी के संबंध में प्रेषित किया गया है :

आदरणीय नरेंद्र मोदी जी

झारखंड सरकार द्वारा हमारे पवित्रतम तीर्थ क्षेत्र श्री सम्मेद शिखरजी जहां से हमारे 20 तीर्थंकर मोक्ष को प्राप्त हुए हैं एवं जिसका कण कण हम सभी के लिए पूजनीय है वंदनीय है उस क्षेत्र को पर्यटन स्थल घोषित करना एक अत्यंत निंदनीय एवं अवांछनीय कार्य है। इस तीर्थ स्थल पर सभी जैन धर्मावलंबी अत्यंत पवित्र भाव से नंगे पैर पैदल यात्रा करते हैं। पर्यटन स्थल घोषित होने पर निश्चित ही वहां सभी प्रकार के अवांछनीय कार्य होंगे। अतः हमारा आपसे करवध अनुरोध है कि आप इसमें व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करते हुए झारखंड सरकार को आदेश दें कि वह हमारे इस तीर्थ क्षेत्र की पवित्रता को बनाए रखने के लिए पर्यटन स्थल

घोषित करने के आदेश तुरंत प्रभाव से वापस लें। संपूर्ण जैन समाज कि आपमें बहुत बड़ी आस्था है एवं हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप हम सभी को निराश नहीं करेंगे।
हम है सभी अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम के सदस्यगण

| | |
|---|---|
| केके जैन | जेके जैन |
| राष्ट्रीय अध्यक्ष | राष्ट्रीय महासचिव |
| उदयपुर | वैशाली गाजियाबाद |
| अरुण रपरिया | श्रेयांश जैन |
| राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, आगरा | राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष वैशाली गाजियाबाद |

ऐसा ही एक पत्र श्री हेमंत सोरेन जी मुख्यमंत्री झारखंड सरकार को भी उनके ईमेल पर अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ओर से भेजा गया है.

**Gurgaon Unit: 06.01.2023**

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प अनुसार कल चतुर्दशी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 79 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 3-3 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी।ओर श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की। इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया।

राजेश जैन,सचिव

**Jaipur Unit: 09.01.2023**

परम पूज्य वाणी सिद्धि मुनिवर्य श्री गुणसागर जी मुनिराज के मंगल आशीर्वाद से गुणस्थली का कार्य प्रगति पर है। धार्मिक सेवा को उत्तम सेवा मानकर जैन बैंकर जयपुर के संयुक्त सचिव श्री निहालचन्द जी(R-SBI) - सरिता जी बाकलीवाल के सुपौत्र एवं श्रीमान अरिहंत जी - दीक्षा जी बाकलीवाल के सुपुत्र एवं सृष्टि जी जैन ( RTS) निवासी 6/25 SFS मानसरोवर जयपुर के भतीजे अयांश जैन के जन्म दिन के सुअवसर पर रु०3,51,000/- की सहयोग राशि ( एक कमरा निर्माण हेतु) प्रदान की है ।

जैन बैंकर्स फोरम जयपुर के लिए यह बड़ा ही गौरवपूर्ण क्षण है। जैन बैंकर्स फोरम जयपुर की और से श्री निहाल चंद जैन एवं परिवार का हार्दिक अभिनंदन एवं आपके सुपौत्र को जन्म दिन की मनस्थल से बधाई। यह अवगत कराना सार्थक होगा कि जैन बैंकर्स फोरम के 27 अक्टूबर 2013 को आचार्य ज्ञान सागर जी मुनिराज के पावन सानिध्य में बाहुबली एनक्लेव, नई दिल्ली में गठन के बाद सदस्य संख्या बढ़ाने में श्री निहाल चंद जैन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

**Lalitpur Unit: 12.01.2023**

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फॉरम ललितपुर के सौजन्य से प्रथम चरण में श्री वर्णी जैन कॉन्वेंट स्कूल में जरूरत मंद छात्र छात्राओं को ड्रेस के स्वेटर एवं गरम वस्त्र वितरित किये गये। संस्था के अध्यक्ष श्री सनत जैन खजुरिया ने बताया कि जैन बैंकर्स फॉरम ललितपुर जन सेवा के कार्यों में हमेशा अग्रणीय भूमिका का निर्वहन करती है एवं प्रति वर्ष ठंड के मौसम में जरूरत मंदो को कंबल एवं गरम वस्त्रों को वितरित करती है।स्कूल की प्रधानाचार्या ने जैन बैंकर्स फोरम के

कार्य की सराहना करते हुए बताया कि उनके स्कूल में काफी निर्धन एवं जरूरत मंद बच्चे है जिन्हें इस प्रकार के मदद की आवश्यकता रहती है।यह संस्था प्रति वर्ष कुछ छात्रों को फीस भी प्रदान करती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सर्व श्री सनत जैन खजुरिया,रमेश जैन, विजय जैन लागोंन, गौरव जैन,राज कुमार सराफ,महिपाल जैन,चंद्र कुमार जैन, अशोक जैन,सुरेन्द्र सिंघई,,प्रतीक जैन के साथ स्कूल की प्रधानाचार्या श्री मति रश्मि बुंदेला , रतन परमार,हिमानी,कल्पना,सोनम,निशिता,दीपा,गीतांजलि, सुरेन्द्र जैन ,परमानंद के साथ स्कूल का समस्त स्टाफ भी रहा।

**ABJBF Central Unit: 17.01.2023**

**महत्वपूर्ण सूचना एवं निवेदन**

वर्तमान में उत्तर भारत में शीत लहर के कारण फोरम के अधिकांश सदस्यों ने ज्ञान तीर्थ, मुरैना में 22-01-2023 को आयोजित होने वाले अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम के वार्षिक अधिवेशन में सहभागिता प्रदान करने में अपनी असमर्थता व्यक्त की है।

अतः 22 जनवरी 2023 को आयोजित होने वाले इस अधिवेशन को आगामी सूचना तक स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में सभी को हुई असुविधा के लिए हमें खेद है एवं हम क्षमा प्रार्थी हैं। सभी शाखा अध्यक्ष / मंत्रियों से अनुरोध है कि इस सूचना से अपनी शाखा के सभी सदस्यों के संज्ञान में लाने की कृपा करें।

निवेदक

| | | |
|---|---|---|
| केके जैन | जेके जैन | अरुण रपरिया |
| राष्ट्रीय अध्यक्ष | राष्ट्रीय महासचिव | राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष |

**Gurgaon Unit: 17.01.2023**

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प अनुसार कल अष्टमी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 80 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया ।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 3-3 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी ।ओर श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की । इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया ।

राजेश जैन,सचिव

**Gurgaon Unit: 22.01.2023**

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार 20 जनवरी, चतुर्दशी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 81 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया ।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 3-3 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी ।ओर श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की । इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया ।

राजेश जैन,सचिव

**ABJBF Central Unit: 24.01.2023**

निम्न सदस्यों शाखाओं द्वारा ज्ञानतीर्थ पंचकल्याणक के जन्म अभिषेक कलश हेतु सहयोग राशि फोरम के केंद्रीय खाते में जमा कर दी गई है:

**जयपुर शाखा**

Rs 11000/- श्री बी सी जैन अध्यक्ष

Rs.11000/- श्री पदम चंद जी जैन बिलाला- कार्यकारी अध्यक्ष

Rs. 5100/- श्री कमल चंद जैन

Rs.24000/- additional by Jaipur Branch

**ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा**

Rs.29100/- श्री जे के जैन वैशाली संरक्षक
Rs. 11000/- श्री अभिषेक जैन सचिव
Rs. 6000/- श्री केवीएस जैन अध्यक्ष

**दिल्ली वेस्ट शाखा**

Rs.5100/- श्री जे के जैन एजीएम पीएनबी सचिव
Rs.5100/- श्री विजेंद्र जैन एचडीएफसी बैंक अध्यक्ष

**भोपाल शाखा**

Rs.5100/- श्री प्रभात गोयल जी सचिव

**गुरुग्राम शाखा**

Rs.21000/- श्री एसपी जैन संरक्षक
Rs.21000/- श्री महेश चंद जैन सिंघल
Rs. 5100/- श्री राजेश जैन सचिव
Rs. 11100/- श्री ओपी जैन संरक्षक
Rs. 2100/- श्रीमती सुषमा जैन सदस्य
Rs.5100/- श्री अजीत कुमार जैन सदस्य
Rs. 11000/- श्री पवन कुमार जैन अध्यक्ष
Rs. 5100/- श्री पीके जैन, जी एम, एसबीआई, संरक्षक

**नोएडा शाखा**

Rs. 2100/- श्री केके जैन नोएडा
Rs. 5100/- श्री आरबी जैन अध्यक्ष

**फिरोजाबाद शाखा**

Rs.5100/- श्री अनिल कुमार जैन श्री अमित कुमार जैन अध्यक्ष एवं मंत्री

**बारा राजस्थान शाखा**

Rs.5100/- श्री एमपी जैन अध्यक्ष

**कोटा शाखा**

Rs. 11000/- श्री आरके जैन संरक्षक

**मुजफ्फरनगर शाखा**

Rs.11000/- राजीव जैन अध्यक्ष

**आगरा शाखा**

Rs. 21000/- श्री अरुण कुमार रपरिया,
Rs. 5100/- श्री अवनि कुमार जैन,
Rd. 5100/- श्री मुकेश कुमार जैन,
Rs. 5100/- श्री राजीव कुमार जैन,
Rs. 5100/- श्री प्रदीप कुमार जैन,
Rs. 2100/- श्री अवधेश कुमार जैन,
Rs. 2100/- श्री राज कुमार जैन,
Rs. 2100/- श्री महेश चंद्र जैन,
Rs. 2100/- श्री ललित कुमार जैन,
Rs. 1100/- श्री मुकेश चंद्र जैन,
Rs. 1100/- श्री वाई बी जैन

**अलीगढ़ शाखा**

Rs. 5100/- श्री राम कुमार जैन संरक्षक

**गाजियाबाद शाखा**

Rs.1100/- अनिल जैन सीबीआई

**भीलवाड़ा शाखा**

Rs. 2100/- श्री राजेंद्र कुमार टोंगिया अध्यक्ष

**ललितपुर शाखा**

Rs. 5100/- श्री सनत खजुरिया जी अध्यक्ष

Rs. 2100/- श्री विजय कुमार जैन कोषाध्यक्ष

Rs. 2100/- श्री रमेश कुमार जैन

**कुल राशि Rs. 3,03,000/-**

उपरोक्त सदस्यों से प्राप्त ₹303000 की राशि ज्ञानतीर्थ मुरैना के खाते में आज प्रेषित की जा रही है। इस संबंध में हम केंद्रीय कमेटी की ओर से उन सभी सदस्यों का जिनके द्वारा इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग प्रदान किया गया हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

| केके जैन | जेके जैन | अरुण रपरिया | श्रेयांश जैन |
|---|---|---|---|
| राष्ट्रीय अध्यक्ष | राष्ट्रीय महासचिव | राष्ट्रीय कार्य० अध्यक्ष | राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष |

**<u>THA Ghaziabad Unit: 29.01.2023</u>**

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा की एक साधारण सभा 26th जनवरी 2023 को दोपहर 2:00 श्री अभिषेक जैन सचिव के निवास- C-80, रामप्रस्था कॉलोनी सूर्य नगर पर आयोजित की गई |कार्यक्रम का आयोजन इस प्रकार हुआ ।

कार्यक्रम की शुरुआत सचिव अभिषेक जैन द्वारा मंगलाचरण का पाठ करके हुआ। उसके पश्चात श्री अभिषेक जैन जी के द्वारा पिछले वर्ष की प्रगति रिपोर्ट की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके बाद आने वाले वर्ष के लिए किए जाने वाले कार्यक्रम पर विचार विमर्श हुआ और जिसमें सभी उपस्थित सदस्यों की सहमति से निम्नलिखित कार्यक्रम निश्चित किए गए :

- वृद्ध या बाल आश्रम में कपड़े वितरण।
- हस्तिनापुर या बड़े गांव के बाल आश्रम में सहयोग
- सूर्य नगर में महावीर जयंती पर चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन
- फरवरी या मार्च में वैशाली या वसुंधरा के किसी स्कूल में ऑफलाइन कैरियर काउंसलिंग एवं बैंकिंग संगोष्ठी का आयोजन
- ट्रांस इंडिया के किसी मंदिर में त्रैमासिक अंतराल पर 48 दीपक से भक्तामर जी का विधान
- आयुर्वेदिक उपचार पर संगोष्ठी
- मेडिकल कैंप का आयोजन (जन औषधि केंद्र के साथ)
- वृक्षारोपण का प्रोग्राम
- गर्मियो मैं प्याऊ या गन्ने के रस का कैंप
- दूसरी अन्य संस्थाओं के सहयोग से कोई बड़ा कार्यक्रम
- गौशाला दान आदि

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए ज्ञान तीर्थ मुरैना के पंचकल्याणक के जन्म कल्याणक पर ट्रस्ट और जैन बैंकर्स सदस्यों द्वारा दिए गए दान की अनुमोदना की गई एवं 3 फरवरी को होने वाले जन्म कल्याणक पर ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा द्वारा ले जा रही बस में सभी सदस्यों से सहभागिता करने का आह्वान किया।

तत्पश्चात महावीर जयंती के अवसर पर शाखाओं द्वारा आयोजित निबंध एवं ड्राइंग प्रतियोगिता मैं केंद्रीय स्तर पर घोषित ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा एवं गाजियाबाद शाखा से निम्न विजइ प्रतियोगियों को सर्टिफिकेट एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।

**निबंध प्रतियोगिता**

कुमारी अनन्या जैन ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा तृतीय पुरस्कार

**ड्राइंग प्रतियोगिता**

प्रथम वर्ग (6 वर्ष से 10 वर्ष)

1. कु० अनन्या जैन गाजियाबाद शाखा प्रथम पुरस्कार
2. कु० अव्दया जैन - ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा द्वितीय पुरस्कार
3. मा० अव्य जैन ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा सांत्वना पुरस्कार

द्वितीय वर्ग (11 वर्ष से 16 वर्ष)

1. कु० अनुषा जैन ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा प्रथम पुरस्कार
2. मा० शान जैन, गाजियाबाद शाखा तृतीय पुरस्कार

तत्पश्चात शाखा के त्रवार्षिक चुनाव भी संपन्न हुए जिसके अंतर्गत निम्न पदाधिकारियों को निर्विरोध विजई घोषित किया गया ;

**संरक्षक**

1. श्री जे के जैन, वैशाली
2. श्री दुष्यंत जैन डीजीएम, राज नगर एक्सटेंशन
3. श्री केवीएस जैन, डीजीएम, वैशाली

**अध्यक्ष**

श्री विशाल चंद जैन, वसुंधरा

कार्यकारी अध्यक्ष

श्री अभिषेक जैन, कोटक महिंद्रा बैंक, सूर्य नगर, गाजियाबाद

**उपाध्यक्ष**

श्री बीएस जैन, एसबीआई, वैशाली

श्री विमल कांत जैन, पीएनबी, मोहननगर

**सचिव**

श्री अंकित जैन, बर्कले बैंक, वैशाली

**संयुक्त सचिव**

श्री प्रदीप जैन, पीएनबी, वसुंधरा

श्री अभीक जैन, एचडीएफसी बैंक, वैशाली

**कोषाध्यक्ष**

श्री निर्मल कुमार जैन एजीएम, एसबीआई, वैशाली

कार्यकारिणी सदस्यों को मनोनीत आगामी आयोजित मीटिंग में किया जाएगा।

सभी सदस्यों और पदाधिकारी कि सहमति से ट्रांस हिंडन शाखा की वार्षिक शुल्क को बढ़ाकर ₹500 कर दिया गया है और सभी मौजूद सदस्यों ने अपना वार्षिक शुल्क जमा कराया । अन्य सभी सदस्य अपना वार्षिक शुल्क अब पेटीएम द्वारा मोबाइल पर जमा करा सकते हैं बैंक के अकाउंटडिटेल्स इस प्रकार हैं

HDFC BANK VAISHALI

A/c number : 50100059010537

Paytm Number : 8130233477

अंत में शाखा अध्यक्ष श्री केवीएस जैन द्वारा सभा में भाग लेने वाले सभी सदस्यों का एवं आयोजक श्री अभिषेक जैन जी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| केवीएस जैन | अभिषेक जैन | विशाल चंद जैन | अंकित जैन |
| पूर्व अध्यक्ष | पूर्व सचिव | नवनिर्वाचित अध्यक्ष | नवनिर्वाचित सचिव |

**Ghaziabad Unit: 29.01.2023**

We feel pleasure to inform you that our member Sh. Praveen Jain BOI and his wife Smt. Shashi Jain had donated sufficient amount for providing artificial limbs and hand to needy person to Jiwanasha hospital, Muradnagar on 04.12.2022.(World disability day). Today on 28.01.23, two patients have been given artificial limb and hand. We're thankful to them for this noble cause.

S. K. Jain, President V. K. Jain, Secretary

## Gurgaon Unit: 29.01.2023

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार कल अष्टमी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 82 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया ।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 4-4 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी ।ओर श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की । इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया ।

राजेश जैन, सचिव

## Ghaziabad Unit: 30.01.2023

We feel pleasure to inform you that we have organized a free medical check camp at Shri Parasnath Digamber Jain chikitsalaya, Kavi Nagar Ghaziabad on 29.01.23 Sunday from 11 am to 2.00 pm. Medical services is provided by Manav hospital, Kavi nagar Ghaziabad and Max lab team. Chitranavaran and Deep-prajawallan performed by Sh. Sunder Lal Jain CBI and Sh. Vijay Jain SBI with the uccharan of namokar mahamantra. Besides our unit members the camp was also attended by hospital committee members Sh. Rajendra Jain (kanungo parivaar) Sanrakshak, Nitish Jain secretary, Pramod Jain joint secretary, Kavi Nagar Mandir committee members Sh. Dharmendra Jain vice-president, Sh. Pradeep Jain cashier and other respected Jain samaj members. About 70 peoples have taken benefit of this camp. We're thankful to Manav hospital and Max lab team for their courteous services and hope for their cooperation in the future program of the unit. We're also thankful to our members for their participation in the unit activities.

S. K. Jain, President V. K. Jain Secretary

## ABJBF Central Unit: 31.01.2023

हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री के के जैन उदयपुर वालों द्वारा ज्ञानतीर्थ पंचकल्याणक एवं निर्माण हेतु ₹151000 की राशि देने की घोषणा की है जो कि यह राशि वे एक फरवरी को ज्ञान तीर्थ पर ही व्यक्तिगत रूप से प्रदान करेंगे। जैन बैंकर फोरम की केंद्रीय कार्यकारिणी की ओर से हम उनका हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

## Ghaziabad Unit: 03.02.2023

We feel pleasure to inform our members that members of our unit has taken darshan labh of Rishabh vihar karkardooma jain mandir and Ashtapad replica today on 3.2.23 Friday along with family members. We're thankful to them for this religious activity.

V. K. Jain, Secretary

## THA Ghaziabad Unit: 05.02.2023

हमारे परम श्रद्धेय आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज के नाम से बनी एक अनुपम कृति ज्ञान तीर्थ के पंचकल्याणक के जन्म कल्याणक के अवसर पर अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद की ओर से एक बस ले जाई गई जिसके माध्यम से सिद्ध क्षेत्र सोनागिर जी ज्ञान तीर्थ मुरैना एवं श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर मनिया जी जिला धौलपुर के दर्शन किए । सभी सदस्यों द्वारा ज्ञान तीर्थ पर जन्म अभिषेक कलश में अत्यंत उत्साह से भाग लिया गया । इस पंचकल्याणक हेतु ट्रांस हिंडन गाजियाबाद के निम्न सदस्यों द्वारा सहयोग राशि प्रदान की गई:

Rs.40100/- श्री जे के जैन संरक्षक

Rs. 11000/- श्री अभिषेक जैन कार्यकारी अध्यक्ष

Rs.11100/- श्री केवीएस जैन डीजीएम एसबीआई संरक्षक

Rs. 5100/- श्री एनके जैन एजीएम एसबीआई कोषाध्यक्ष

Rs.5100/- श्री बी एस जैन कार्यकारिणी सदस्य

Rs.2100/- श्री विशाल चंद जैन अध्यक्ष

Rs.1100/- श्री श्रेयांश कुमार जैन कार्यकारिणी सदस्य

इसके अतिरिक्त पंचकल्याणक में बस ले जाने के लिए निम्न सदस्यों द्वारा सहयोग प्रदान किया गया:

Rs.20000/- श्री जे के जैन संरक्षक
Rs.20000/- श्री अभिषेक जैन कार्यकारी अध्यक्ष
Rs. 5100/- श्री केवीएस जैन संरक्षक
Rs. 5100/- श्री अंकित जैन सचिव
Rs.5100/- श्री बीएस जैन कार्यकारिणी सदस्य
हम उन सभी सदस्यों का जिन्होंने पंचकल्याणक हेतु एवं बस ले जाने हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान किया एवं पंचकल्याणक के जन्म कल्याणक महोत्सव पर उपस्थिति देकर सहयोग प्रदान किया उन सभी का हम ह्रदय से आभार व्यक्त करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| केवीएस जैन | अभिषेक जैन | विशाल चंद जैन | अंकित जैन |
| संरक्षक | कार्यकारी अध्यक्ष | अध्यक्ष | सचिव |

## Gurgaon Unit: 05.02.2023

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार कल चतुर्दशी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 83 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 4-4 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी।ओर श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की। इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया।
राजेश जैन, सचिव

## Gurgaon Unit: 15.02.2023

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार कल अष्टमी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 84 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 4-4 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी।ओर श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की। इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया।
राजेश जैन, सचिव

## THA Ghaziabad Unit: 19.02.2023

आज दिनांक 19 फरवरी को अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा द्वारा श्री दिगंबर जैन मंदिर महावीर वाटिका सेक्टर 3 वैशाली में गरीब परिवारों को वस्त्र जिसमें कमीज, टी-शर्ट, जींस, लेडीज धोती, ब्लाउज, गरम सूट, गरम जैकेट या छोटे बच्चों के कपड़ों का वितरण किया गया |इस वितरण कार्यक्रम में निम्न सदस्यों एवं परिवारों के द्वारा सहभागिता कर सहयोग प्रदान किया गया:
श्री जे के जैन संरक्षक परिवार
श्री केवीएस जैन संरक्षक एवं परिवार
श्री विशाल चंद जैन अध्यक्ष
श्री अंकित जैन सचिव परिवार
श्री निर्मल कुमार जैन कोषाध्यक्ष परिवार
श्री श्रेयांश कुमार जैन परिवार
श्री विमल कांत जैन परिवार
श्री बीएस जैन परिवार
श्री एसएस जैन परिवार
श्री अभीक जैन
इस पुनीत कार्य में जिन सदस्यों एवं सदस्य परिवारों के द्वारा सहयोग प्रदान किया हम उनका ह्रदय से आभार व्यक्त करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## ABJBF Central Unit: 20.02.2023

दिनांक 19 फरवरी 2023 को केंद्रीय कार्यकारिणी की एक सभा गूगल मीट के माध्यम से आयोजित की गई जिसमें केंद्रीय कमेटी के 38 पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री डी सी जैन गुरुग्राम यूनिट के मंगलाचरण के पाठ के साथ किया गया उसके उपरांत अध्यक्ष श्री केके जैन जी द्वारा भाग लेने वाले सभी सदस्यों का

स्वागत किया। मीटिंग का शुभारंभ करते हुए सर्वप्रथम महासचिव श्री जे के जैन द्वारा उन कारणों को बताया गया जिसके कारण हम ज्ञान तीर्थ मुरैना में अपना वार्षिक अधिवेशन आयोजित नहीं कर पाए। उन्होंने आह्वान किया कि अब यह वार्षिक अधिवेशन हम मार्च या अप्रैल महीने में करा सकते हैं। सभी सदस्यों से चर्चा के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वर्ष 2021-22 का वार्षिक अधिवेशन 23 अप्रैल रविवार के दिन कवि नगर जैन मंदिर गाजियाबाद में आयोजित किया जाए। वार्षिक अधिवेशन में होने वाले खर्चों पर चर्चा करते हुए बताया गया कि अधिवेशन में लगभग ₹100000 तक का खर्चा आएगा जिसमें चर्चा करने के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की गाजियाबाद शाखा अधिवेशन हेतु किसी स्पॉन्सर का प्रबंध करने का प्रयास करेगी एवं इस वर्ष से अधिवेशन में भाग लेने वाले सदस्यों के लिए ₹300 प्रति व्यक्ति रजिस्ट्रेशन शुल्क लागू किया जाए । उसके अतिरिक्त जो खर्चा आए उसे कुछ केंद्रीय पदाधिकारियों द्वारा व्यक्तिगत रूप से वहन किया जाएगा। महासचिव जेके जैन जी द्वारा अधिवेशन में सदस्यों द्वारा कम संख्या में सहभागिता दिए जाने की चिंता के संबंध में भी जिक्र किया गया। इसके लिए सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि जिन शाखाओं द्वारा जो नई शाखाएं खोली गई है उन शाखाओं के सदस्यों की सहभागिता के लिए वही शाखाएं जिम्मेदारी लेंगी। इसके लिए निम्न शाखाओं द्वारा उनके आगे लिखे नाम की शाखाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई:

भोपाल शाखा द्वारा - सागर जबलपुर एवं सतना शाखा
आगरा शाखा द्वारा- अलीगढ़ एटा फिरोजाबाद एवं हाथरस शाखा
जयपुर शाखा द्वारा - भीलवाड़ा एवं सवाई माधोपुर शाखा
गुरुग्राम शाखा द्वारा- हिसार रोहतक अलवर शाखा
ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा द्वारा - दिल्ली ईस्ट दिल्ली वेस्ट एवं नई खोली जाने वाली ग्वालियर शाखा
ललितपुर शाखा द्वारा- उज्जैन एवं झांसी शाखा
गाजियाबाद शाखा द्वारा- नोएडा एवं मेरठ शाखा
कोटा शाखा द्वारा - बारा (Raj.) शाखा
मुजफ्फरनगर शाखा द्वारा - देहरादून एवं सहारनपुर शाखा
श्री केके जैन जी द्वारा -बेंगलुरु शाखा

साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि उपरोक्त शाखाएं अपने से लिंक शाखाओं में कम से कम 3 माह में एक बार उन शाखाओं का दौरा करेंगे एवं उन्हें सक्रिय करने में अपना योगदान प्रदान करेंगी। शाखाओं की कार्यप्रणाली के बारे में चर्चा करते हुए महासचिव द्वारा बताया गया कि संविधान के अनुसार सभी शाखाओं का कार्यकाल 3 वर्ष है और चयनित पदाधिकारी दो कार्यकाल से अधिक एक पद पर नहीं रह सकते। साथ ही शाखा द्वारा कराए गए चुनाव की पुष्टि शाखा की साधारण सभा में कराया जाना आवश्यक है एवं साधारण सभा में पुष्टि के उपरांत ही नई कार्यकारिणी का कार्यकाल प्रारंभ होगा। साथ ही उन्होंने अनुरोध किया कि संविधान के अनुसार सभी सदस्यों को ₹100 प्रति वर्ष सदस्य शुल्क देना है जिसमें से 50% योगदान केंद्रीय कमेटी को प्रेषित किया जाना है परंतु अभी तक के अनुभव के अनुसार कोई भी शाखा हर वर्ष अपने सदस्यों से सदस्य शुल्क लेकर उसका 50% केंद्रीय कमेटी को प्रेषित नहीं कर रही है। इस संबंध में उनके द्वारा अनुरोध किया गया कि सभी शाखाएं यह सुनिश्चित करें कि वह अपनी शाखाओं से हर वर्ष ₹100 प्रति वर्ष सदस्यता शुल्क अवश्य प्राप्त कर उसका 50% केंद्रीय कमेटी को प्रेषित करें। सभी ने इस पर अपनी सहमति प्रकट की। महासचिव द्वारा केंद्रीय एवं शाखा स्तर पर स्पेशलिस्ट कमेटी बनाए जाने के ऊपर भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि अभी केंद्रीय स्तर पर निम्न 3 कमेटिया कार्यरत है :

-विजिलेंस विभाग
-एजुकेशन लोन एवं हाउसिंग लोन
- बिजनेस लोन
-नेट बैंकिंग संबंधी
- साइबर क्राइम

परंतु क्योंकि इन समितियों के गठन किए हुए 6 से 7 वर्ष हो चुके हैं अतः एक बार पुन: उन सदस्यों की सहमति लेकर इन समितियों का पुनर्गठन किया जाएगा- साथ ही उन्होंने शाखाओं से भी अनुरोध किया कि वे भी अपनी शाखा स्तर पर इन विभागों में स्पेशलिस्ट सदस्यों के नाम उनकी सहमति लेकर हमें भेजें ताकि हम केंद्रीय स्तर पर उन कमेटियों का गठन कर सके एवं आवश्यकता पड़ने पर शाखाएं उनका सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें। इसी प्रकार की कमेटियां शाखाएं भी अपने स्तर पर गठित कर सकती हैं। फोरम के कुछ सदस्यों की भावनाओं को ध्यान रखते हुए कोर कमेटी में लिए गए निर्णय के अनुसार केंद्रीय कमेटी के प्रस्तावित पदाधिकारियों के नामों की चर्चा भी उनके द्वारा की गई। सभी सदस्य इस पर पूर्ण रूप से सहमत थे। सर्वसम्मति से इस लिस्ट को अंतिम रूप दिया गया एवं उसे साधारण सभा में अनुमोदित कराने के बाद लागू करने के लिए कहा गया। अंत में कार्यकारी अध्यक्ष श्री अरुण रपरिया जा द्वारा

बहुत ही अच्छे वातावरण में मीटिंग का संपन्न होना एवं सभी सदस्यों द्वारा चर्चा में पूर्ण रूप से भाग लिए जाने एवं उनके द्वारा दिए गए बहुमूल्य सुझाव एवं सहभागिता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| केके जैन | जेके जैन | अरुण रपरिया | श्रेयांश कुमार जैन |
| राष्ट्रीय अध्यक्ष | राष्ट्रीय महासचिव | राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष | राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष |

## Gurgaon Unit: 20.02.2023

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार कल चतुर्दशी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 6.00 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 85 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 4-4 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी।ओर श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की। इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया।

राजेश जैन, सचिव

## THA Ghaziabad Unit: 27.02.2023

आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज की पसंदीदा स्थली अतिशय क्षेत्र बरनावा जहां तीर्थंकर चंद्रप्रभु भगवान की चमत्कारी अतिशय युक्त प्रतिमा स्थापित है। इस स्थल पर तीर्थंकर चंद्रप्रभु भगवान के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर ट्रांस हिंडन गाजियाबाद के सदस्यों द्वारा पूजा अर्चना एवं निर्वाण लाडू समर्पित किया गया। इस अवसर पर शाखा के संरक्षक श्री जेके जैन एवं श्री केवीएस जैन को मंच पर सम्मानित किया गया एवं उनके द्वारा आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन भी किया गया।

अंकित जैन, सचिव

## Gurgaon Unit: 28.02.2023

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार कल अष्टमी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 86 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 4-4 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी।ओर श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की। इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया।

राजेश जैन, सचिव

## Gurgaon Unit: 07.03.2023

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार कल चतुर्दशी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 87 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया। श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 6-6 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी।ओर श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की। इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया।

राजेश जैन, सचिव

## Delhi West Unit: 13.03.2023

19 फरवरी को गूगल में मीट में लिए गए निर्णय के अनुसार गाजियाबाद की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा द्वारा दिल्ली वेस्ट शाखा के सचिव श्री जेके जैन जी से अनुरोध पर 12 मार्च 2023 को की गई मीटिंग में शाखा सदस्यों के अतिरिक्त ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा से श्री जे के जैन संरक्षक एवं राष्ट्रीय महासचिव एवं श्री बीएस जैन उपाध्यक्ष ने भी भाग लिया। उपस्थित सदस्यों में से 5 सदस्यों द्वारा तभी वार्षिक अधिवेशन में सहभागिता देने के लिए अपनी सहमति प्रदान की। साथ ही शाखा सचिव श्री जेके जैन जी एवं अध्यक्ष श्री विजेंद्र जैन जी द्वारा यह भी आश्वासन दिया गया कि वह मार्च या अप्रैल माह में किसी प्राइवेट स्कूल में बच्चों की कैरियर काउंसलिंग एवं बैंकिंग संगोष्ठी करने का प्रयास करेंगे, 4 अप्रैल को महावीर जयंती के अवसर पर जैन मंदिर में कुछ धार्मिक कार्यक्रम करने का भी उन्होंने आश्वासन दिया, साथ ही आने वाले दिनों में अन्य कार्यक्रम जिनको राष्ट्रीय महासचिव श्री जेके जैन जी द्वारा विस्तार से समझाया गया है, करने का पूर्ण प्रयास करेंगे। इस अवसर पर श्री विजेंद्र कुमार जैन जी एसबीआई पीतमपुरा वाले को धार्मिक कार्यक्रम का संयोजक भी नियुक्त किया गया। मीटिंग आयोजित कराना काफी सफल रहा एवं हमें आशा ही

नहीं पूर्ण विश्वास है कि आगे दिल्ली वेस्ट शाखा अब पूर्ण सक्रियता से विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित कराने में सफल होगी।

जेके जैन, राष्ट्रीय महासचिव

## Delhi West Unit: 13.03.2023

कल दिनांक 12:03 2023 को अपराहन 3:00 मानव अपार्टमेंट में वेस्ट दिल्ली यूनिट की एक बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता श्री विजेंद्र जैन अध्यक्ष वैस्ट दिल्ली यूनिट ने की। अन्य सदस्यों के अलावा ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा से श्री जे के जैन राष्ट्रीय महासचिव एवं श्री बी एस जैन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने भी इस बैठक में भाग लिया। श्री जे के जैन राष्ट्रीय महासचिव ने सभी सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आगामी 23 अप्रैल को होने वाले वार्षिक अधिवेशन में शाखा से सभी सदस्यों को भाग लेने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। उपस्थित सदस्यों में से 5 सदस्यों ने वार्षिक अधिवेशन में भाग लेने के लिए अपनी सहमति व्यक्त की। तदोपरांत श्री जेके जैन राष्ट्रीय महासचिव ने शाखा को कुछ एक्टिविटीज जैसे कि उनके बच्चों को कैरियर काउंसलिंग एवं एजुकेशन लोन के बारे में जानकारी देने हेतु स्कूलों में संगोष्ठी तथा महावीर जयंती पर कुछ धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव दिया। सभी सदस्यों ने इन सुझावों का स्वागत करते हुए पूर्ण करने का आश्वासन दिया। श्री वी के जैन जी SBI पीतमपुरा वालों को धार्मिक संयोजक नियुक्त किया गया।अंत में श्री विजेंद्र जैन शाखा अध्यक्ष ने सभी सदस्यों की ओर से प्रस्तावित कार्यक्रमों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया एवं सभी सदस्यों एवं विशेष अतिथियों के बैठक में भाग लेने पर धन्यवाद किया।

जेके जैन, सचिव वेस्ट दिल्ली

## Gurgaon Unit: 16.03.2023

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार कल अष्टमी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 88 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 3-3 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी।ओर श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की। इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया।

राजेश जैन, सचिव

## Firozabad Unit: 19.03.2023

अखिल भारतीय जैन बैकर्स फोरम फिरोजाबाद इकाई की मासिक बैठक कल शनिवार 18 मार्च को मंत्री अनिल कुमार जैन (इलाहाबाद बैंक) के निवास पर आयोजित की गई. बैठक में मंगलाचरण एवं स्वागत उद्बोधन चक्रेश कुमार जैन ने किया. मंत्री अनिल कुमार जैन ने आगामी कार्यक्रम राष्ट्रीय अधिवेशन के बारे में विस्तार से बताया. उपस्थित सभी सदस्यों ने अधिवेशन में सहभागिता की स्वीकृति दी. अध्यक्ष अमित कुमार जैन ने उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और अधिक से अधिक संख्या में उक्त अधिवेशन में शामिल होने का आव्हान किया. बैठक में मुख्य प्रबंधक शशांक जैन, मुख्य प्रबंधक जौली जैन,एवं सी पी जैन, ने भी अपने विचार रखे.

## Gurgaon Unit: 21.03.2023

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार कल चतुर्दशी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 89 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 3-3 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी।ओर श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की। इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया।

राजेश जैन, सचिव

## Bhopal Unit: 26.03.2023

बैंकर्स फोरम, भोपाल यूनिट का दिनांक 25 मार्च 2023 दिन शनिवार को विशेष आयोजन श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, शाहपुरा भोपाल बड़ी भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। बड़ी खुशी की बात ये है कि आज अधिकतम संख्या में सदस्य सपरिवार सम्मिलित हुए। एजेंडे के अनुसार सभी विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई और बहुत ही बहुमूल्य सुझाव

आये। वर्तमान कार्यकारणी का कार्यकाल पूर्ण होने पर सर्वसहमति से नई कार्यकारणी का गठन किया गया। कार्यक्रम के अंत में श्री भक्तामर स्त्रोत्र का पाठ 48 दीपों को अर्घ देते हुए किया गया। श्री संतोष जैन साहिब, महामंत्री , शाहपुरा जैन मंदिर के द्वारा उत्तम मंच, बैठने की विवस्था, माइक व शुद्ध-स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई, फोरम उनका आभारी रहेगा। श्री प्रभात गोयल जी द्वारा उत्कृष्ट मंच संचालन किया गया। समस्त कार्यकारणी को इस सफल आयोजन के लिए बधाईयां। हमारे फोरम के परम संरक्षक श्री एन. के. जैन साहिब व संरक्षक श्री संतोष जैन साहिब की उपस्थिति में फोरम ने नई कार्यकारणी का गठन किया। सभी नव- चयनित सदस्यों को बहुत- बहुत बधाईयां। आशा है हमारा फोरम नित नई ऊंचाइयां छुएगा।

## Gurgaon Unit: 27.03.2023

दिनांक 26/03/2023 को भगवान श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर जी, पालम विहार, गुरुग्राम में एक प्रभावी बैठक श्री पवन जैन, प्रधान के संचालन एवं संरक्षक श्री पी के जैन, श्री ओ पी जैन एवं श्री ऐ के जैन के संरक्षण में आयोजित की गई। जिसमें सदस्यों और उनके जीवन साथी सहित 39 सदस्यों की उत्साहपूर्ण एवं महत्वपूर्ण सहभागिता रही। बैठक में निम्न कार्यक्रम हुए एवं कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार एवं विमर्श हुआ

– सर्वप्रथम सामूहिक भक्तामर स्तोत्र एवं महावीराष्टक का भक्तिभाव से पठन किया गया।

– तदुपरान्त कार्यक्रम शुभारम्भ से पहले हमारे बच्चों में एक उत्साह का संचार हो, इस हेतु दीप प्रज्वलन प्रतिभागी बच्चों द्वारा कराया गया

– तत्पश्चात भगवान श्री महावीर स्वामी का जीवन और उनका संदेश विषय पर बच्चों के भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 8 बच्चों ने पूरी तैयारी के साथ भाग लिया।

प्रथम, द्वितीय, तृतीय आए बच्चों को पुरस्कृत किया गया तथा भाग लेने वाले सभी बच्चों को उत्साहवर्धन हेतु पारितोषिक प्रदान किया गया।

– तद्नंतर फोरम में आए नए सदस्य श्री अभिषेक जैन उनकी भार्या ऋतिका जैन, श्री एम के जैन (पाटनी) तथा श्रीमति सुषमा जैन का दुपट्टा एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया

– तदुपरांत पिछली मीटिंग में हुई कार्यवाही की करतल ध्वनि से अनुमोदना की गई

– उपरांत वर्तमान कार्यकारिणी की अवधि को अगली कालावधि तक के लिए बढ़ाने पर सदस्यों द्वारा करतल ध्वनि से सहमति व्यक्त की गई। अभी हमारे किसी भी पदधिकारी का कार्यकाल 6 वर्ष पूरा नही हुआ है।

– अनंतर फोरम द्वारा श्री 1008 भगवान महावीर दिगम्बर जैन मंदिर जी, पालम विहार हेतु ₹ एक लाख की राशि मुख्य छत्र हेतु सहयोग देने की सम्मति दी गई

– उसके पश्चात 23 अप्रैल 2023 को गाजियाबाद में होने वाले वार्षिक अधिवेशन में अधिकाधिक सदस्यों को चलने हेतु प्रेरित किया गया। इस बात पर भी विमर्श हुआ कि सदस्य अपने अपने वाहन के स्थान पर समूह में बस द्वारा चला जाए इस बारे में निर्णय से समय पर अवगत करा दिया जायेगा।

- इसके अतिरिक्त निकट भविष्य में एक लघु यात्रा का शीघ्र ही आयोजन करने के लिए सभी सदस्यों द्वारा उत्साह दिखाया गया, जिसे शीघ्र ही क्रियान्वित भी किया जायेगा।

सभा के मध्य श्री राकेश जैन द्वारा कुछ ज्ञानवर्धक तथ्य तथा श्री डी सी जैन एवं श्रीमती तनुजा जैन द्वारा भक्तिमय भजन एवं स्तुति प्रस्तुत की गई

सभा के समापन पर सचिव श्री राजेश जैन ने सभी सदस्यों को उनके आगमन और सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। सभा के पश्चात सुस्वादु भोजन पानी की व्यवस्था की गई थी जिसका सभी सदस्यों ने भरपूर आनंद उठाया

राजेश जैन, सचिव

## THA Ghaziabad Unit: 28.03.2023

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा द्वारा कल दिनांक 27 मार्च 2023 को मॉडर्न स्कूल सेक्टर 1 वैशाली गाजियाबाद में दो कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कैरियर काउंसलिंग अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त श्री रितेश जैन जी द्वारा प्रदान की गई। यह काउंसलिंग प्रातः 9:00 से 10:00 तक कक्षा 10 के लिए की गई जिसमें लगभग 90 छात्रों ने भाग लिया। दूसरी काउंसलिंग प्रातः 11:00 से 12:00 तक कक्षा 12 के लिए की गई जिसमें लगभग 100 बच्चों ने भाग लिया। काउंसलिंग के समय स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती नीरजा पादरू एवं कोऑर्डिनेटर श्रीमती दीपा मिश्रा उपस्थित रही। सभी बच्चो के लिए यह काउंसलिंग अत्यंत उपयोगी रही एवं बच्चों द्वारा श्री रितेश जैन जी से व्यक्तिगत रूप से भी इस अवसर पर अपने कैरियर हेतु उपयोगी जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती नीरजा पादरू, कोऑर्डिनेटर श्रीमती दीपा मिश्रा एवं काउंसलर श्री रितेश जैन जी को ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा द्वारा मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।
स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती नीरजा पादरू ने श्री रितेश जैन जी द्वारा दी गई काउंसलिंग को सभी छात्रों के लिए बहुत ही उपयोगी बताया एवं उनका आभार व्यक्त किया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## Gurgaon Unit: 30.03.2023

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार कल अष्टमी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 90 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया ।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 3-3 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी ।ओर श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की । इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया ।
राजेश जैन, सचिव

## Lalitpur Unit: 01.04.2023

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फॉरम ललितपुर के तत्वावधान में भगवान महावीर स्वामी की जयंती के उपलक्ष्य में आचार्य विद्यासागर दिगंबर जैन पाठशाला अटा मंदिर के विद्यार्थियों के मध्य भगवान महावीर स्वामी के जीवन वृत पर आधारित भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई,इस प्रतियोगिता में 15प्रतियोगियों ने अपनी सहभागिता दी।इस प्रतियोगिता में शौर्य जैन प्रथम, अर्हम जैन द्वितीय एवं कु माही जैन तृतीय रहे, कु पार्थवी जैन एवं कु सरस जैन को सांत्वना पुरुस्कार दिया गया।संस्था द्वारा प्रतियोगियो को आकर्षक पुरुस्कार प्रदान किये गए।ज्ञातव्य है कि बैंकर्स फॉरम द्वारा महावीर जयंती के उपलक्ष्य में प्रातः काल मे श्री क्षेत्रपाल जी मंदिर में अभिषेक पूजन,शाम शोभायात्रा में सहभागिता एवं पांडुक शिला मैदान पर अभिषेक के समय फल वी मिष्ठान वितरित किया जाएगा।कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष श्री सनत जैन खजुरिया, विजय जैन लागोंन,अशोक कुमार जैन ,महिपाल जैन गौरव जैन आदि सदस्यों के साथ पाठशाला की आकृति दीदी,सुरभि,स्वाति,ग्रीवा,रश्मि,वैशाली,शुभी,नीलम दीदी का विशेष योगदान रहा।

## Lalitpur Unit: 04.04.2023

भगवान महावीर जयंती के अवसर पर आयोजित जलूस शोभा यात्रा में ललितपुर यूनिट के सदस्यों द्वारा शोभा यात्रा की अगवानी एवम स्वागत किया गया।

## THA Ghaziabad Unit: 05.04.2023

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा द्वारा भगवान महावीर के जन्म जयंती के अवसर पर 11 वर्ष से 16 वर्ष के बच्चों के मध्य एक भाषण प्रतियोगिता एवं भगवान महावीर के संदेश के ऊपर लेखन प्रतियोगिता का आयोजन श्री दिगंबर जैन मंदिर महावीर वाटिका वैशाली गाजियाबाद में शाम 6:30 बजे से आयोजित की गई। भाषण प्रतियोगिता के अंतर्गत 16 बच्चों ने भाग लिया एवं भगवान महावीर के संदेशों के ऊपर लेखन प्रतियोगिता में 18 बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर निर्णायक मंडल के रूप में सीए प्रवीण जैन इंदिरापुरम एवं श्री महेंद्र पाल जी जैन वसुंधरा ने अपनी सेवाएं प्रदान की। सभी बच्चों के द्वारा भगवान महावीर के जीवन के ऊपर एवं कुछ बच्चों के द्वारा आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज के जीवन के ऊपर बहुत ही रोचक प्रस्तुति प्रस्तुत की गई। सभी बच्चों का जोश देखते ही बनता था। निर्णायक मंडल द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार निम्न बच्चों को भाषण प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय विजई घोषित किया गया।
भाषण प्रतियोगिता
प्रथम पुरस्कार - केवल्या जैन पुत्र सीए संदीप जैन वैशाली
द्वितीय पुरस्कार आनन्सी जैन सुपुत्री श्री अरुण जैन वैशाली
तृतीय पुरस्कार अनुषा जैन सुपुत्री सीए आलोक जैन वैशाली
सभी विजई प्रतिभागियों को शाखा के पदाधिकारियों द्वारा मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट प्रदान कर पुरस्कृत किया गया इसके अतिरिक्त लेखन प्रतियोगिता में भी प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आए बच्चों को सर्टिफिकेट एवं पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। सभी भाग लेने वाले प्रतियोगियों को भी इस अवसर पर सर्टिफिकेट एवं पुरस्कार प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

इस कार्यक्रम में वैशाली क्षेत्र की वर्धमान वुमन क्लब की पदाधिकारी श्रीमती सूची जैन श्रीमती शिप्रा जैन एवं उनके सभी सदस्यों द्वारा जो सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया उसके लिए हम हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।
साथ ही हम श्री महिम जैन जी अध्यक्ष वैशाली जैन समाज जिनके सक्रिय सहयोग के कारण ही यह कार्यक्रम कर पाना संभव हो सका का भी हम हृदय से आभार व्यक्त करते हैं ।
इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शाखा के संरक्षक श्री जे के जैन श्री केवीएस जैन कार्यकारी अध्यक्ष श्री अभिषेक जैन सचिव श्री अंकित जैन राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन श्री मयंक जैन द्वारा महत्वपूर्ण सहयोग एवं भूमिका अदा की।

| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## Gurgaon Unit: 06.04.2023

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार कल चतुर्दशी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 91 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया ।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 4-4 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी ।ओर श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की । इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया ।
राजेश जैन, सचिव

## Gurgaon Unit: 14.04.23

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार कल अष्टमी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 92 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया ।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 4-4 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी ।ओर श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की । इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया ।

राजेश जैन, सचिव

## THA Ghaziabad Unit: 17.04.23

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा की एक विशेष सभा शाखा के संरक्षक श्री केवीएस जैन के निवास पर दिनांक 16 अप्रैल 2023 को दोपहर 3:00 बजे आयोजित की गई जिसमें शाखा के 13 सदस्यों द्वारा भाग लिया गया। इस अवसर पर 2 नए सदस्य बने श्री मयंक जैन बर्कले बैंक एवं श्रीमती नेहा जैन एचडीएफसी बैंक का शाखा की ओर से स्वागत किया गया. सचिव श्री अंकित जैन द्वारा पिछली सभा की रिपोर्ट पढ़कर सुनाई एवं मार्च एवं अप्रैल में शाखा द्वारा किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

शाखा द्वारा अप्रैल एवं मई में किए जाने वाले कार्यक्रम के बारे में चर्चा हुई एवं यह निर्णय किया गया कि अप्रैल में भक्तांबर पाठ का आयोजन वैशाली या निकटवर्ती जैन मंदिर में आयोजित किया जाएगा, साथ ही किसी प्राइवेट स्कूल में और अच्छे स्तर पर कैरियर काउंसलिंग एवं एजुकेशन लोन के ऊपर बैंकिंग संगोष्ठी की जाएगी। मई महीने में एक मेडिकल कैंप भी लगाया जाएगा। सभी ने इस पर अपनी सहमति प्रदान की।

23 अप्रैल को होने वाले फोरम के वार्षिक अधिवेशन के होस्ट होने के नाते उसके कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं सभी सदस्यों को आवश्यक जिम्मेदारी भी आवंटित की गई।

इस अवसर पर पूर्व में शाखा द्वारा बच्चों के मध्य एक आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज के जीवन पर आधारित एक पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई थी जिसमें शाखा के परिवारों के दो बच्चों द्वारा आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज के बहुत ही सुंदर दो पोस्टर बनाए गए थे उन दोनों बच्चों को इस अवसर पर सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। अंत में सूक्ष्म जलपान के बाद सभा का समापन किया गया।

अंकित जैन, सचिव

## Jaipur Unit: 17.04.23

दि 16/04/23 रविवार को जैन बैंकर्स जयपुर की ओर से दिल्ली में जैन एकता मंच के कार्यक्रम में भाग लेने के दौरान सिद्धांत क्षेत्र, अष्टापद, आचार्य सुनील सागर जी मुनिराज के दर्शन भी किए गए ।

## Jaipur Unit: 17.04.23

देहली न्यायिक सेवा में चयनित कु. अतिशा जैन को केदारनाथ सिविक सेंटर ऑडिटोरियम में आचार्य प्रज्ञ सागर जी मुनिराज के सानिध्य में दिनांक 16/04/23 को जैन एकता मंच द्वारा आयोजित विशाल महिला सम्मेलन अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित थी । कु. अतिशा की स्पीच आप विडियो में सुन सकते है । कु. अतिशा जैन बैंकर्स फोरम जयपुर के सदस्य श्री विमल कुमार जैन की सुपुत्री है । उक्त कार्यक्रम में जैन बैंकर्स जयपुर को भी आमंत्रित किया गया था । श्री विमल कुमार जैन एवं श्री निहाल चंद जैन ने उक्त कार्यक्रम में अपनी सहभागिता प्रदान की । साथ में श्रीमती राशि जैन Mrs India World भी उपस्थित थीं ।

## ABJBF Central Unit: 22.04.23

अखिल भारतीय जैन बैंक का फोरम की 23 अप्रैल 2023 को शाम 4:30 से होने वाले वार्षिक साधारण सभा का एजेंडा निम्न प्रकार होगा।

1. मंगलाचरण द्वारा श्री अभिषेक जैन राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री

2. पिछली सभा की कार्रवाई की पुष्टि

3. महासचिव द्वारा प्रगति रिपोर्ट

4. फोरम की विभिन्न शाखाओं से पधारे अध्यक्ष मंत्रियों के बीच शाखाओं को सक्रिय करने पर उनसे एवं सभी से विचार-विमर्श।

5. फोरम के संविधान में संशोधन

6. संविधान को रजिस्टर्ड कराने पर विचार

7. केंद्रीय कमेटी के वर्ष 2021-22 एवं वर्ष 2022-23 के अकाउंट्स की प्रस्तुति एवं अनुमोदन।

8. शाखा एवं केंद्रीय पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को उनके विशेष योगदान के लिए सम्मानित

9. केंद्रीय कमेटी के चुनाव

10. अन्य विषय अध्यक्ष जी की अनुमति से

11. नई पदाधिकारियों द्वारा शपथ ग्रहण

12. धन्यवाद ज्ञापन श्री के के जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा

| | | |
|---|---|---|
| केके जैन | जेके जैन | अरुण रपरिया |
| राष्ट्रीय अध्यक्ष | राष्ट्रीय महासचिव | राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष |

## **THA Ghaziabad Unit: 24.04.23**

हमारे राष्ट्रीय महासचिव श्री जेके जैन को वैशाली समाज के अध्यक्ष श्री महिम जैन द्वारा वैशाली जैन समाज रत्न की उपाधि से सम्मानित किया.

## **Jaipur Unit: 27.04.23**

दुर्गापुर जैन मंदिर में दिनाँक 26.04.23 को प्रातः 8 बजे से 9 बजे तक अर्ह ध्यान योग का आयोजन तनु गोदिका (अन्तरप्पा) द्वारा करवाया गया। शिविर में जैन बैंकर्स का सहयोग रहा।

## **ABJBF Central Unit: 28.04.23**

सभी केन्द्रीय कार्यिणी के नवनिर्वाचित सदस्यो को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाए। विगत मे लिए गए निर्णय के अनुसार केन्द्रीय पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित सभी सदस्यो को वन टाइम (अपने कार्य काल के लिए ) रूप 1,000/- की राशि फोरम के केन्द्रीय खाते मे जमा करनी है। अतः सभी नवनिर्वाचित केंद्रीय पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों से अनुरोध है कि यह राशि 31 मई तक जमा करके केंद्रीय ग्रुप मे इसका मैसेज डाल दे।

धन्यवाद शुभकामनाओं सहित।

| | | |
|---|---|---|
| जे के जैन | सोम प्रकाश जैन | आर के जैन |
| राष्ट्रीय अध्यक्ष | राष्ट्रीय महासचिव | कार्यकारी अध्यक्ष |

## **Gurgaon Unit: 29.04.23**

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार कल अष्टमी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 94 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया ।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 3-3 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी ।ओर श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की । इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया ।

राजेश जैन, सचिव

## **ABJBF Central Unit: 29.04.23**

हमारे परम आराध्य आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज की जन्म जयंती 1 मई 2023 को आचार्य श्री की एक अन्य अनुपम कृति आरोग्यधाम जो मंडोला के निकट दिल्ली सहारनपुर हाईवे पर ग्राम डूंडाहेड़ा में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम की डिटेल पोस्टर में दी गई है।

हमारा अनुरोध है कि कम से कम दिल्ली-एनसीआर मे कार्यरत शाखाओं से ज्यादा से ज्यादा सदस्य इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दें एवं आचार्य श्री की जन्म जयंती उत्साह पूर्वक मनाएं। यह कार्यक्रम आचार्य श्री की परम शिष्या, परम विदुषी, बाल ब्रह्मचारिणी अनीता दीदी, मंजुला दीदी एवं अन्य दीदीयो के सानिध्य एवं निर्देशन में मनाया जाएगा।

आचार्य श्री की जन्म जयंती के अवसर पर 1 मई 2023 को हमारा अनुरोध है कि अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की सभी शाखाओं के सदस्य गण श्री जैन मंदिर में आचार्य श्री की पूजा एवं आरती अवश्य करने का प्रयास करें यही हमारी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा से चार या पांच सदस्य इस कार्यक्रम में सहभागिता देने का अवश्य ही प्रयास करेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| जेके जैन | सोम प्रकाश जैन | आरके जैन |
| राष्ट्रीय अध्यक्ष | राष्ट्रीय महासचिव | राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष |

## Jaipur Unit: 01.05.23

**युगदृष्टा आचार्य श्री ज्ञानसागर जी की 66 वीं जन्म जयंती**
सराकोद्धारक के नाम ज्यादा जाने जाते है
आज दिनांक 01/05/2023 को आचार्य श्री की जन्म जयंती है ।श्रम दिवस पर जिनका जन्म हुआ एवं महावीर मोक्ष कल्याणक के दिन समाधि ।
ये संत कोई ओर नहीं इस युग के श्रेष्ठ आचार्यो में से एक है। जिनमें भगवान महावीर का प्रतिबिम्ब झलकता है । जिनका वर्णन शब्दों में कर पाना बेहद कठिन ही नही, नामुमकिन है । जिनके व्यक्तित्व को कवि की कविता, चित्रकार के चित्र ,वक्ता के शब्द ,लेखक की कलम भी व्यक्त नहीं कर सकती । आचार्य श्री 108 ज्ञानसागर जी महाराज का व्यक्तित्व हिमालय से ऊँचा और सागर से भी गहरा है ।
**बचपन की मुस्कान :**
चंबल के बीहड़ जिला – मुख्यालय मुरैना (मध्य प्रदेश) में श्रावक श्रेष्ठी श्री शांति लाल जी, अशर्फी देवी जी के घर आंगन में 1 मई 1957, प्रात: 6:00 बजे बालक 'उमेश' ने जन्म लिया। जब बचपन में खेलने की उम्र होती है उस समय वह खेल- खेल में देवता की प्रतिमा बनाते नजर आते थे और उसे घंटो तक निहारते रहते थे और प्रतिमा को आधार बनाकर ,ध्यान लगाते रहते थे, कक्षा के प्रतिभाशाली छात्र के रूप में आप विद्यालय के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी के रुप में जाने जाते थे ।
**संस्कारों का आरोहण**:
अपने दादाजी श्री शंकर लाल जी के साथ संस्कारों की सीढ़ी पर उमेश ने चलना सीखा और मुनिसंघो के दर्शन कर अपने जीवन को वैराग्यमय बनाने का संकल्प ले लिया । फिरोजाबाद (उत्तर प्रदेश) में जब दादाजी के साथ आचार्य श्री विमल सागर जी महाराज के दर्शनार्थ पहुंचे तो वहां हो रहे केशलोंच को देखकर बालक मन मैदान में पड़ी धूल को सिर पर डालकर अपने बालों को उखाड़ने लगा मानो वह दृढ़ निश्चयी बालक उमेश केशलोंच का अभ्यास कर रहा हो तभी वहाँ बैठे श्रद्धालुओं ने बालक को रोक दिया लेकिन कुछ उखड़े बालों ने पूरे बाल बनवाने को मजबूर कर दिया परन्तु यह तय हो गया कि मैं केशलोंच तो कर ही सकता हूं और संस्कारों का आरोहण प्रारंभ हो गया ।
**कुमार अवस्था में त्याग की उत्कंठा :**
मात्र 13 वर्ष की आयु में बाजार की वस्तुएँ ना खाने का नियम ले लिया उमेश ने । पिच्छी और कमंडल से ऐसा अनुराग कि उन्हें अभी ले लूँ ,वेश ब्रह्मचर्य का और घर छोड़ने की ज़िद्द पर ,घर के लोगों ने उन्हें समझाया कि छोटी सी उम्र में गृह त्याग करना उचित नहीं है पहले ज्ञान अर्जन करो जिससे साधु बाने के साथ न्याय किया जा सके , संगीत के यंत्रों के साथ लौकिक शिक्षा में पारंगत उमेश ने जैन धर्म ग्रंथों का अध्ययन भी प्रारंभ कर दिया और कुमार अवस्था में त्याग की उत्कंठा को स्थापित कर त्याग मार्ग पर कदम बढ़ाना प्रारंभ किया ।
**ब्रह्मचर्य का निश्चय एवं घर से वैराग्य** :

जैन धर्म ग्रंथों को पढ़ते उमेश ने यह तय कर लिया कि जिस मार्ग से – पारलौकिक कार्य किया जा सकता है तो लौकिक कार्यों में क्यों समय की बर्बादी की जाए और वे 16 वर्ष के हुए तो इनकी उदासीनता देखकर घरवालों ने विवाह के बन्धन में बाँधने का प्रयास किया ,व्यापार में उलझाने के प्रयास किए , लेकिन जिसे संसार से पार होने का उपाय करना हो वह भला इन में कहाँ रमता हायर सेकेंडरी की परीक्षा भी उन्हें रोक न सकी और मुनिसंघ के विहार के साथ उमेश ने घर से विहार कर दिया और तय कर लिया अब इस संसार में ब्रह्मचर्य लेकर रहूंगा विवाह नहीं करूंगा ।

**आचार्य श्री विद्यासागर जी से लिया ब्रहमचर्य का नियम:**

उस समय वीरगांव जिला अजमेर (राज.) में विराजित इस युग के संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज से 1974 में उमेश जी ने आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत ग्रहण कर लिया और विशेष परिस्थिति को छोड़कर आजीवन रेल व बस का त्याग कर दिया आचार्य श्री से ब्र. उमेश जी ने "कातंत्र व्याकरण , तत्वार्थ सूत्र , जैन सिद्धांत प्रवेशिका" जैसे अनेक गूढ़ मूल ग्रंथों को पढ़ा और अपने आपको जैन दर्शन का ज्ञानी बनाया ।

**आचार्य सुमति सागर जी से क्षुल्लक दीक्षा:**

ब्र. उमेश जी को अब वह धोती – दुपट्टा भी भारी लगने लगा और उन्होंने सोनागिर जी में विराजित आचार्य श्री सुमति सागर जी महाराज से 5 नवम्बर 1976 को उन्हें सोनागिर सिद्धक्षेत्र में क्षुल्लक दीक्षा के संस्कार मिले और वह ब्र. उमेश भैया से गुणों के सागर क्षुल्लक श्री गुण सागर जी महाराज के रूप में प्रतिष्ठापित हो गए ।

कर्मों के क्षय की प्रक्रिया में उन्हें क्षुल्लक अवस्था में आहार में अन्तराय आने लगे सुकोमल काया कृष होकर तप के प्रभाव से चमकने लगी, लेकिन विचलित नहीं हुई उन्हें त्यागी वृन्द "अन्तराय सागर" के नाम से जानने लगे । अन्तराय से निर्भीक बने गुण सागर ,अन्तराय से ध्यान हटा अध्ययन में ध्यान लगाकर अपने आप को कठोर चर्या हेतु तैयार करते रहे और अनेक ग्रंथों का अध्ययन करने लगे ।

**दिगम्बरत्व का शंखनाद:**

क्षुल्लक गुण सागर जी ने यह जान लिया कि मोक्ष मार्ग में यह लंगोटी भी बाधक है इससे छुटकारा पाना चाहिए और आचार्य सुमति सागर जी महाराज से निवेदन किया । विनयपूर्ण निवेदन में साधक की दृढ़ता को देखते हुए वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती , 31 मार्च 1988 को अनेक चमत्कारो के साक्षी भगवान चंद्रप्रभु जी के समक्ष सोनागिर सिद्धक्षेत्र में आचार्य सुमतिसागर जी महाराज ने 2 दिगम्बर जैनेश्वरी दीक्षाएँ प्रदान की और क्षुल्लक गुण सागर जी के ज्ञान के क्षयोपशम को देखते हुए उन्हे दिगंबर मुनि श्री ज्ञान सागर महाराज के नाम से घोषित किया ।

**गुरु ने घोषित किया उपाध्याय:**

मुनि दीक्षा का एक वर्ष भी पूर्ण नहीं हुआ था कि त्याग, तपस्या प्रतिभा के बल पर आपको आचार्य श्री सुमति सागर जी महाराज ने उत्तर प्रदेश के सरधना में दिनांक 30 जनवरी 1989 को आपको अपार जनसमूह के मध्य पंच परमेष्ठी में वर्णित चतुर्थ परमेष्ठी उपाध्याय पद प्रदान किया अब आप उपाध्याय ज्ञान सागर जी के नाम से जग में विख्यात हो गए ।

**सराकोद्वारक उपाध्याय श्री :**

जैनों को जैनत्व की बात कहना आसान है लेकिन ऐसे जैन जो जैन होकर भी अपने आप को जैन नहीं मानते हैं लेकिन उनके वंशज श्रावक कहलाते थे आज वे 'सराक' कहलाते हैं । देश के दुर्गम प्रदेश झारखंड ,बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा में ये घोर जंगल में निवास करते हैं, ज्ञानसागर जी ने अपने ज्ञान के नेत्र खोले और चले गए थे इन प्रदेशों के बीहड़ क्षेत्र तडाई ग्राम (जिला रांची) में अपने बिछुड़े हुए भाइयों के पास ।जहाँ श्रावक की चर्या असंभव हो वहां एक मुनि का पहुँचना बड़े आश्चर्य का विषय था, लेकिन स्व-पर कल्याण के लिए निकले संत को एक विश्वास था जो होगा वह जैनत्व के लिए गौरव होगा । आपने सराक बाहुल इलाके में चातुर्मास स्थापित किया, झोपड़ियों में निवास कर अपने बिछुड़े सराको को बताया कि ,तुम 'श्रावक' हो तुम्हारे पूर्वजों ने जैनत्व को धारण किया था, तब उपाध्याय श्री ने उन्हें अपना इतिहास बताया व गर्व की अनुभूति करवाई , सराक क्षेत्रों में धार्मिक पाठशाला , मंदिर, अनेक चिकित्सालय चल रहे हैं , छात्रवृत्ति दी जा रही है ,अनेक शिक्षण प्रशिक्षण शिविर चल रहे हैं,तीर्थयात्रा करने का सौभाग्य प्राप्त कर रहे हैं आदि ।बेरोजगार सराक बंधुओं को , ड्राइविंग टाइपिंग, सिलाई ,कढ़ाई, बुनाई आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया और अनेक सराकों का उद्धार कर उन्हें सच्चा श्रावक बना दिया जिनके वंश गोत्र आज भी शांतिनाथ अनंतनाथ आदि तीर्थंकरों के नाम है ऐसे उपाध्याय ज्ञानसागर जी ने मुश्किल कार्यो को आसान किया और जैन समाज की मुख्यधारा में सराकों को सम्मिलित कराया ,तभी से वे " सराकोंद्धारक" के रूप में प्रसिद्ध हो गए थे ।

**जैनत्व गौरव को बढ़ाती गोष्ठियाँ व सम्मेलन:**

अपने ज्ञान गुण के माध्यम से ज्ञानसागर जी निरंतर चिंतनशील रहते थे । उन्होंने नए सिरे से ए बी सी डी लिख दी थी । 'ए' से एडवोकेट फोरम, ' बी' से बैंकर्स फोरम, ' सी' से चार्टर्ड अकाउंटेंट फोरम, ' डी ' से डॉक्टर्स फोरम, ' इ' से इंजीनियर्स फोरम आदि । वह महसूस करते हैं कि, यदि हम हमारे उच्च शिक्षित व्यवसायिक डॉक्टर, इंजीनियर, चार्टर्ड अकाउंटेंट, प्रशासकीय – शासकीय अधिकारी, बैंक कर्मी , शिक्षक, वैज्ञानिक , विद्वान आदि को संगठित कर उनको जैनत्व के उन्नयन में सहायक बनायें तो ,अहिंसा , शाकाहार , अपरिग्रह का संदेश बहुत जल्दी प्रसारित होगा ।आपने अनेक सम्मेलन गोष्ठियाँ आयोजित कर सबको संगठित किया । आज अनेक संगठन जैन जगत के गौरव को स्थापित करने में निरंतर लगे हुए हैं ।

आचार्य श्री द्वारा की जाने वाली गतिविधियों में जेलों में प्रवचन एक अहम भाग था । सैकडों कैदियों को सुधारने कि दृष्टि से आचार्य श्री जेलों में प्रवचन दिया था । जेल अधिकारी उस समय दंग रह जाते थे जब प्रवचन के दौरान कैदी रो पड़ते थे और आजीवन , मांस , मदिरा , जुआ आदि का त्याग कर देते थे ।

उत्तर- दक्षिण, पूर्व- पश्चिम सभी प्रदेशों में आपके पद विहार हुए हैं अनेक पंचकल्याणक वेदी प्रतिष्ठा , मंडल विधान के साथ प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित कराना, विद्वत जगत व गणमान्य जनों को अनेक पुरस्कार श्रुत संवर्धन आदि से सम्मानित कर उन्हें समाज के सामने प्रस्तुत करना ज्ञान सागर जी महाराज की प्रेरणा रही है, जिससे अनेक प्रतिभाएं सामने आयी है ।

**उपाध्याय से आचार्य ज्ञान सागर एवं षष्ठ पट्टाचार्य पद:**

प्रात: स्मरणीय आचार्य श्री शांति सागर जी महाराज (छाणी) की परम्परा में 25 वर्ष तक उपाध्याय के रूप में संपूर्ण देश में धर्म प्रभावना करने वाले ज्ञान सागर जी महाराज को परम्परा के पंचम पट्टाचार्य श्री सन्मति सागर जी महाराज की समाधि के उपरांत, सम्पूर्ण चतुर्विध संघ व देशभर से उमड़े जन सैलाब के बीच आपको आचार्य शांति सागर जी परम्परा (छाणी) का षष्ठ पट्टाधीश आचार्य पद 27 मई 2013 को अतिशय क्षेत्र बड़ागाँव में प्रतिष्ठापित किया गया ।

**तीर्थ स्थलों की पूर्णता में सहभागिता :**

आचार्य श्री सन्मति सागर जी महाराज का स्वप्न त्रिलोक तीर्थ बड़ागांव,

सोनागिर पहाड़ी स्थित 57 नंबर मंदिर श्री चंद्रप्रभ भगवान मन्दिर, “ज्ञानतीर्थ” मुरैना के निर्माण में आचार्य श्री ज्ञान सागर महाराज का पूर्ण सानिध्य प्राप्त हुआ ।

वर्तमान के वर्धमान, जिन धर्म प्रभावक संत 15 नंवबर 2020, भगवान् महावीर परिनिर्वाण दिवस- दीपावली के दिन धर्म ध्यान करते हुए समाधिस्थ हो गये। उनकी स्मृति तथा मार्गदर्शी कार्यो के पथ पर आगे बढ़ कर हम अपना जीवन सफल कर सकते है ।

आलेख में मार्ग दर्शन - ब्रह्म चारिणी अनिता दीदी,

सहयोग - अरविंद जैन

संकलन - भागचंद जैन मित्रपुरा, अध्यक्ष जैन बैंकर्स, जयपुर

## <u>THA Ghaziabad Unit: 01.05.23</u>

हमारे परम आराध्य आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज के 66 वे जन्म उत्सव के अवसर पर उन्हीं के नाम से निर्मित एक अन्य अनुपम कृति आरोग्यधाम मंडोला में महा अर्चना कार्यक्रम में ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के सदस्यों द्वारा हर्षोल्लास से सहभागिता प्रदान की। इस अवसर पर शाखा सदस्यों को चित्र अनावरण, अर्ध समर्पण एवं आरती करने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ।

शाखा के संरक्षक श्री जे के जैन द्वारा आरोग्यधाम के निर्माण हेतु ₹11000 की राशि दान स्वरूप प्रदान की।

| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## <u>Jaipur Unit: 02.05.23</u>

जैन बैंकर्स फोरम जयपुर द्वारा आचार्य ज्ञान सागर जी मुनिराज के 66वें जन्म जयंती(01/05/23) के अवसर पर जनकपुरी, जयपुर जैन मंदिर में आयोजित महाआरती कार्यक्रम में सहभागिता की गई।

## <u>Jaipur Unit: 02.05.23</u>

23/04/2023 को दशम वार्षिक अधिवेशन में अपरान्ह 2 से 3.00 बजे तक सर्वोत्तम यूनिट्स के सम्मान एवं उनके द्वारा किए गए क्रिया कलाप के बारे में जानकारी देने हेतु निर्धारित था । लेकिन समयाभाव के कारण यह अवसर नहीं मिला । जयपुर यूनिट ने अपने द्वारा किए क्रिया कलापों की जानकारी अखिल भारतीय स्तर पर सभी सदस्यों

तक पहुंचाने की दृष्टि से थोड़ी सी मेहनत करके टाइप करके व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से शेयर करने हेतु तैयार की है । गतिविधियों की सूची लंबी है, हालांकि इसमें कुछ और जुड़ सकती थी । कुछ कार्य रूटीन के मानकर इसमें जोड़े नहीं गए है ।

All are requested to kindly pay attention to the contents of the Jaipur Report. सभी पढ़िए जरूर ।

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर

प्रगति रिपोर्ट 01/09/2021 से 31/08/2022 तक

1. यूनिट का नाम: जयपुर
2. सचिव का नाम: सुनील कुमार काला पूर्व सहा. महा प्रबंधक एसबीआई
3. अध्यक्ष का नाम: भागचंद जैन, पूर्व सहा. महा प्रबंधक एसबीआई
4. यूनिट खोलने का दिनांक: 07/10/2018
5. सदस्य संख्या में वृद्धि: 351 से बढ़कर 551, कुल 200 सदस्यों की वृद्धि
6. 50% का अंशदान प्रेषण: रु 10000/- प्रेषित
7. नई ब्रांच खुलवाने में सुलभता प्रदान: सवाई माधोपुर, 20 सदस्य के साथ, दिनांक 02/11/22 को खुलवाई गई (इस वर्ष की प्रगति में सम्मिलित नहीं)
8. वित्तीय साक्षरता/ बैंकिंग जागरूकता शिविर/वेबनार का आयोजन

a) 12/03/22 गणिनी आर्यिका स्वस्तिभूषण माताजी के सानिध्य में सम्मेलन (400);

b)11/05/22 वेबनार से अल्प संख्यकों को प्राप्त सुविधाएं (110);

c)19/06/22 जैनम मेगा फेयर में ईडब्ल्यूएस एवं अल्प संख्यक सर्टिफिकेट कैंप एवं सुविधाओं से अवगत कराना (200);

d)14/07/22 वीर शासन जयंती पर भरतेश्वरमति माताजी के सानिध्य में बैंकिंग सेक्टर में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी (25);

e)20/08/22 ईडब्ल्यूएस एवं माइनोरिटी अवेयरनेस कैंप में जैन बैंकर्स द्वारा सहयोग (100)

9. जैन समाज को बैंकिंग सेक्टर से ऋण व अग्रिम (Loan and advances) दिलाने में सहायता:

A) CC/TL Rs. 25.00 CR

b) FB/NFB 1.00 CR

c)Credential Report: 20.00 lakhs

d)CTL/Subsidy: 1.25 lakh

e) KCC: 3.50 lakh

f) H: 30.00 lakh

g) HL+Top-up 12.50 lakh Etc.

This is not an exhaustive list.

10. समुदाय के सदस्यों और कर्मचारियों के लिए एनपीए, पेंशन भुगतान, मृतक मामले, बिना क्लेम जमा राशि, नामांकन आदि बैंकिंग संबंधी समस्याओं का समाधान:

a) HL Subsidy - 1 case

b) Lease hold/security deposit- 1

c)Edu Loan - 2

d)Car Loan NOC - 1

e) SBI Life - 4

f) H/L - 1

g) ऋण रक्षा -1

h) Compromise - 1 etc. etc.

11. कैरियर काउंसलिंग कैम्प का आयोजन:

a) 19/06/22 कीर्ति नगर जैन मंदिर मेगा फेयर में

b) 21/08/22 मोटिवेशनल स्पीच

c) एक फर्म में 2 CAs, 5 Assistants, 1 clerk, 1 guard की नियुक्ति में सहयोग

d) एक CA फर्म में 43 ऑडिट क्लर्क नियुक्ति में सहयोग

e) 19/06/22 - बेरोजगार युवक युवतियों हेतु कैंप में रजिस्ट्रेशन एवं योग्यता के आधार पर नियुक्ति

f) 15/07/22 - प्रतियोगी परीक्षा की निशुल्क कोचिंग

12. जरूरत मंद जैन विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता:
a) 1 विद्यार्थी रु 11000/-
b) श्रमण संस्कृति संस्थान के 5 बच्चों हेतु रु 21000/-
c) जैनम मेगा फेयर के माध्यम से 4 विद्यार्थियों को सहायता
d) 25/03/22 रु 11000/- श्रमण संस्कृति संस्थान के छात्रों हेतु भोजन व्यवस्था में सहयोग
e) 18/01/22 को जैन विद्यार्थी को लेंस हेतु रु 14300/- की सहायता (By Shri SC Jain SBI)
f) मान सरोवर जयपुर स्कूल में Online पढ़ाई हेतु एक सोनी टीवी भेंट (By Shri MP Jain SBI)
13. स्वास्थ्य शिविर का आयोजन:
a) 10/04/22 - He check-up camp दुर्गापुरा -28
b) 10/04/22 Blood donation camp - 50 यूनिट्स
c) 20/08/22 Blood donation camp- 54 यूनिट्स (By Shri Rajesh Chhabra)
d) Path test at very concessional rates at-
i) CT Centre, JLN Marg (By Shri UM Sanghi)
ii) Kamal Diagnostic Centre (By Shri Padam Bilala)
iii) न्यूरो संबंधी जांच ब्रेन टावर पर (By Shri NC Jain)
e) चंद्रप्रभ चेरिटेबल ट्रस्ट, डिस्पेंसरी को रु 5100/जी की सहायता
f) राजकीय डिस्पेंसरी दुर्गापुरा के माध्यम से कोरोना बूस्टर डोज में सहायता (5)
g) श्री आदिनाथ रिलीफ सोसायटी के सहयोग से निशुल्क सर्जिकल उपकरण वितरण ( By Shri Jitendra Kumar Jain eSBBJ)
h) जैनम मेगा फेयर में मेडिकल सहायता हेतु रजिस्टर किए गए मामले (50)
h) एसएमएस हॉस्पिटल में इलाज हेतु समय समय पर सहायता (By Shri GK Jain)
i) 21/06 /22- योग दिवस पर शिविर्वका आयोजन (By Shri Pradeep Jain AGM HR SBI)
j) फ्री वैक्सीनेशन कैंप
18/01/22, 15-18 वर्ष
01/02/22, All
14. वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन:
a) 14/04/22 - कोटखावदा रोड पर > 100 प्लांट (By Shri Rajesh Chhabra)
b)10/07/22 - रामनिवास पुरा में आम, अमरूद, आंवला, कटहल, चीकू, करंज, गुलमोहर, अशोक, नीम आदि के 511 प्लांट्स
c) 15/08/22 - रेल्वे लाईन के पास, जनकपुरी 70 प्लांट्स
d) 25/08/22 - झालाना पहाड़ी वन क्षेत्र में 20 प्लांट्स
15. राष्ट्रीय आपदा, ओल्ड एज होम, बाल आश्रम, गुरुकुल या किसी अन्य एनजीओ को चैरिटी:
a) 05/10/21- डोम निर्माण हेतु रु 100500/-
b) 05/10/21- आहार पूजन सामग्री हेतु रु 17422/-
c) 12/04/22 - महासमिति के माध्यम से रु. 11000/-
d) 10/01/22 - चंद्रप्रभ चेरिटेबल ट्रस्ट रु. 5100/-
e)
i) 25/03/22 - श्रमण संस्कृति संस्थान, सांगानेर रु. 11000/-
ii) 2021-22 रु. 21000/- लगभग 100 बच्चों के खाने हेतु
f) 20/05/22 - पंच कल्याणक आदि मे तीर्थंकर के माता पिता बनने, सोधर्म इंद्र आदि बनने पर रु 750000/- (By Shri Nirmal Kumar Patodi)
g) 31/05/22 - श्रीमहावीरजी में कमरे की रिपेयर हेतु रु 500000/- (By Shri Narendra Kumar Jain Gurgaon)
16. धार्मिक कार्यक्रम/ यात्राएं /सामाजिक गतिविधियां/खेलकूद आदि का आयोजन:
a) 07/11/21 - विद्यासागर जी मुनिराज के दर्शन करने हेतु भीलवाड़ा यात्रा (11)
b) 09/11/21 - दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम, दुर्गविहार में
c) 11/11- 19/11/21 - सिद्धचक्र विधान मंडल, दुर्गापुरा
d) 15/11/21 - आचार्य ज्ञान सागर जी मुनिराज की प्रथम समाधि दिवस पर मुरैना यात्रा (5)

e) 16/11/21 - तीर्थराज सोनागिरिजी की यात्रा (5)
f) 12/03/22 - जैन बैंकर्स सम्मेलन, भट्टारक जी की नसियां, जयपुर
g) 10/03 -18/03/22 - भट्टारक जी की नसियां में आयोजित सिद्धचक्र विधान मंडल में योगदान
h) 03/05/22 - गणिनी आर्यिका स्वस्तिभूषण माताजी द्वारा महिला बंदीगृह में प्रवचन की व्यवस्था में सहयोग
i) 08/05/22 को सिद्धांत क्षेत्र, दिल्ली, मथुरा चौरासी की यात्रा
j) 15/07/22 - ध्वजा रोहण, चातुर्मास कलश स्थापना कार्यक्रम
k) 01/08/22 - सम्मेद शिखर जी की यात्रा (25)
l) 30/08/22- पद्म प्रभु विधान मंडल, पदमपुरा (7)
17. अन्य विशेष कार्यक्रम:
a) मातृ दिवस पर वाणी संयम हेतु वैशाली नगर पार्क में शपथ कार्यक्रम (By Shri Vipin Jain)
b) 31/08/ से 09/09/22 तक दश लक्षण धर्म पर सम्माचार पत्रों में लगातार 10 दिन तक आलेख प्रकाशन
c) 09/09/22 - दशलक्षण धर्म पर आयोजित प्रतियोगिता में विद्या सागर पाठशाला के बच्चो द्वारा सहभागिता
d) 12/03/22 को 80 वर्ष से अधिक के जैन बैंकर्स का सम्मान
e) 21/08/22 को 75 वर्ष से अधिक आयु के समाज के व्यक्तियों का सम्मान
f) 20/08/22 को सुधर्ममति माताजी की डोल यात्रा में शामिल
g) 13/08/22- तिरंगा अभियान की श्री राम चरण बोहरा द्वारा शुरुआत (By Shri Vipin Jain)
h) 14/07/22 - 60% से अधिक अंक प्राप्त बच्चों के लिए कॉपी, किताब, स्कूल यूनिफॉर्म आदि का भुगतान/वितरण
i) 04/07/22 - मुंबई से भोपाल स्थानान्तरण (By Shri Ashok Jain R GM UBI)
j) 15/05 -25/05/22 - धार्मिक शिक्षण शिविर में प्रथम, द्वितीय, तृतीय भाग, छः ढाला, तत्वार्थ सूत्र के अध्ययन एवं प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन - दुर्गापुरा (60), जनकपुरी (100)
k) 27/05 - 04/06/22 तक - द्वितीय प्रशिक्षण शिविर (40)
l) 08/05/22 को भगवान महावीर पर बच्चों एवं महिलाओं में आलेख प्रतियोगिता (चित्र सहित) आयोजित एवं प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार का वितरण
m) 01/05/22- आचार्य शान्ति सागर महाराज छाणी एवं आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज पर डिजिटल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (90)
n) अखिल भारतीय आईसीआईसीआई बैंक सम्मेलन - 200 प्रतिभागी
o) जैन युवा सम्मेलन - श्री मनीष जैन स्टेट हेड आईसीआईसीआई, मुख्य अतिथि के रूप में
p) 26/03/22 - आदिनाथ जयंती पर गन्ना रस वितरण
q) 24/04/22 - चिरंजीवी योजन की जानकारी
r) 16/04/22 - भगवान महावीर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन (7वर्ष, 18 वर्ष)
s) 20/04/22 - अखिल भारतीय स्तर पर भगवान महावीर पर डिजिटल प्रतियोगिता (391)
इस तरह लगता है जयपुर ने बहुत कुछ किया है, लेकिन जयपुर में 551 सदस्य होने के कारण एवं प्रत्येक सदस्य द्वारा कम से कम एक गतिविधि करने की अपेक्षा होने के कारण कुल 500 से अधिक गतिविधियां होनी चाहिए थी । जी हां, कुल गतिविधियां इतनी हो सकती है, लेकिन प्रगति रिपोर्ट में सीमित क्रियाकलाप ही दर्शाए गए है ।

## Gurgaon Unit: 29.04.23

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार कल चतुर्दशी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 95 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया ।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 3-3 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी ।ओर श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की । इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया ।

राजेश जैन, सचिव

## Lalitpur Unit: 07.05.23

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फॉरम ललितपुर के तत्वावधान में भगवान महावीर स्वामी की जयंती के उपलक्ष्य में आचार्य विद्यासागर दिगंबर जैन पाठशाला अटा मंदिर के विद्यार्थियों के मध्य भगवान महावीर स्वामी के जीवन वृत पर आधारित निबंध प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गईथी जिसमे केंद्र द्वारानिबंध प्रतियोगिता में कु प्रियल जैन प्रथम, एवं चित्रकला प्रतियोगिता में श्री शुभ जैन को द्वितीय वंश जैन को तृतीय एवम शुभ जैन को सांत्वना पुरुस्कार प्रदान किया गया जिसका वितरण।संस्था द्वारा प्रतियोगियो को श्री अटा मंदिर जी में पूज्य 105 विपुल मति माता जी एवं विमुख मति माता जी के परम सानिध्य में आकर्षक पुरुस्कार प्रदान किये गए।ज्ञातव्य है कि अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फॉरम के गाजियाबाद में आयोजित केंद्रीय अधिवेशन में ललितपुर यूनिट को विशिष्ट रूप से सम्मानित किया गया यूनिट के अध्यक्ष श्री सनत जैन खजुरिया को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं श्री रमेश जैन ,विजय जैन को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य के पद पर चुना गया एवं श्री गौरव जैन को यूनिट के सक्रिय कार्यकर्ता का सम्मान प्रदान किया गया।उपरोक्त कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष श्री सनत जैन खजुरिया,मंत्री श्री रमेश जैन,विजय जैन लागोंन, ,अशोक कुमार जैन ,महिपाल जैन, गौरव जैन,प्रतीक जैन,सर्वज्ञ सतभैया,सुरेंद्र सिंघई आदि सदस्यों का विशेष योगदान रहा एवं पुरुस्कार वितरण में आचार्य विद्या सागर पाठशाला की दीदी कु नीलम जैन,वैशाली जैन,ग्रीवा जैन,सूचिता जैन,सुरभि जैन, शुभि जैन का विशेष सहयोग रहा।

## <u>Jaipur Unit: 10.05.23</u>

आज दिनांक 10/05/23 को एक सुअवसर प्राप्त हुआ । श्री गुलशन मलिक, उप प्रबंध निदेशक (Dy Managing Director) एसबीआई से 17 वी मंजिल, स्टेट बैंक भवन, मुंबई में उनके चैंबर में जैन बैंकर्स फोरम की गति विधियों की चर्चा की गई एवं उप प्रबंध निदेशक महोदय ने किसी भी तरह की समस्या निवारण में सहयोग हेतु आश्वस्त किया । यह हमारे लिए एक विशेष उपलब्धि है ।

Msg from DMD sir

"Thanks Dear Bhag Chand for taking time and coming to meet me. It is always nice to meet old friends of earlier days of career. Happy to know you are continuing with your good work of looking after the community and sharing your knowledge with the needy. Keep it up 👍"

## <u>Jaipur Unit: 12.05.23</u>

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम

मुंबई में जैन बैंकर्स फोरम के गठन की आवश्यकता

23 जून 2013 को आचार्य श्री १०८ ज्ञान सागर जी मुनिराज के पावन सानिध्य में बाहुबली एनक्लेव नई दिल्ली में अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम का गठन हुआ ।

फोरम के उद्देश्य :

(ए) सभी जैन बैंकरों को संगठित और एकजुट करने के लिए और उनके बीच सौहार्द और भाईचारा विकसित करने के लिए;

(बी) जैन बैंकरों में समाज सेवा की भावना पैदा करने के लिए जैन समाज के कमजोर वर्ग के उत्थान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों को प्रोत्साहित करना।

(सी) आवश्यकता होने पर अनुशासनात्मक मामलों पर जरूरतमंद सदस्यों को विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करना।

(डी) जैन बैंकरों के बीच भाईचारा विकसित करना और उन्हें सभी ग्राहकों के प्रति मानवीय दृष्टिकोण के साथ मूल्य आधारित बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रेरित करना।

(ई) जैन बैंकरों को जैन धर्म के सिद्धांतों के ज्ञान को साझा करने के लिए अद्वितीय अवसर प्रदान करने के लिए, अहिंसा और सह-अस्तित्व के माध्यम से पर्यावरण, समाज, राष्ट्र और सभी प्राणियों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाने के लिए जागरूकता पैदा करना।

(च) जैन बैंकरों और कार्यपालकों को पेशेवर/अन्य क्षेत्रों में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित करना।

(छ) केंद्रीय कार्यकारी समिति द्वारा निर्देशित कार्य करना ।

जारी गतिविधियां -

1.समाज के लिए वित्तीय साक्षरता/ बैंकिंग जागरूकता शिविर/वेबनार का आयोजन।

2. समाज के व्यक्तियों / कंपनी को बैंकिंग सेक्टर से ऋण व अग्रिम (Loan and advances) दिलाने में सहायता:

3. समुदाय के सदस्यों और कर्मचारियों के लिए एनपीए, पेंशन भुगतान, मृतक मामले, बिना क्लेम जमा राशि, नामांकन आदि बैंकिंग संबंधी समस्याओं का समाधान में सहयोग करना ।

4. कैरियर काउंसलिंग कैम्प का आयोजन

5. योग्यता के अनुसार रोजगार दिलाने में सहायता ।

6. जरूरत मंद जैन विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता ।
7. स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ।
8. वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन ।
9. राष्ट्रीय आपदा, ओल्ड एज होम, बाल आश्रम, गुरुकुल या किसी अन्य एनजीओ को चैरिटी ।
10. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम
11. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम ।
12. धार्मिक गोष्ठी/ प्रतियोगिताओं का आयोजन
13. समाज के वरिष्ठ व्यक्तियों का सम्मान ।
14. समाज के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान
15. समाज के या अन्य जरूरत मंद व्यक्तियों की यथानुरूप सहायता ।
16. धार्मिक यात्राओं का आयोजन।
17. धार्मिक शिविर / पाठशालाएं चलाने में सहायता ।
18. ) तीर्थंकर आदिनाथ - तीर्थंकर महावीर पर बच्चों एवं महिलाओं में आलेख एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित करना ।

फोरम की वर्तमान में 7 राज्यों में 32 इकाइयां है । सभी ब,ड़े राज्यों के बड़े शहरों में फोरम की इकाईयां गठित की जानी है ।

इसी उद्देश्य एवं गतिविधियों को दृष्टिगत रखते हुए मुंबई महानगर जहां देश का सबसे अधिक जैन समाज हैं, फोरम का गठन होना समाज हित में अत्यावश्यक है ।

मैं अभी जयपुर से मुंबई आया हुआ हूं एवं 16/05/23 तक यहां हूं ।

इस संदेश के माध्यम से यह आग्रह किया जाता है कि ठाकुर विलेज/ कॉम्प्लेक्स के आसपास कोई भी जैन बैंकर , या मुंबई में कहीं भी सेवा निवृत या कार्यरत एवं दिगंबर या श्वेतांबर कोई भी हो, निम्न मोबाइल नंबर पर इस कार्य योजना हेतु मुझसे संपर्क करें ।

मुंबई में जैन बैंकर्स फोरम का गठन करना है ।

भागचंद जैन
सेवा निवृत सहा. महा प्रबंधक एसबीआई
अध्यक्ष अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर इकाई
मोब नंबर 99509 99339

All India Jain Bankers Forum*

Need for formation of Jain Bankers Forum in Mumbai

All India Jain Bankers Forum was formed at national level on 23/06/2013 in Bahubali Enclave New Delhi in the holy presence of Acharya Gyan Sagar Ji Maharaj.

The purpose of formation of Jain Bankers Forum is to solve the banking related problems of the society and to cooperate in religious and social works. Bankers are connected with all the people/departments and similarly it is inevitable for all the people and departments to be connected with the banking sector. Therefore, in getting any kind of work done, the banking sector can easily play a leading role and make good use of its potential.

The Forum currently has 32 units in 7 states. Units of the Forum are to be formed in all the big cities of the big states.

Keeping this purpose and activities in mind, the formation of a forum is necessary in the interest of the society in the city of Mumbai, which has the largest number of Jain communities in the country.

I have just come from Jaipur to Mumbai and am here till 16/05/23.

Through this message, it is requested that any Jain Banker around Thakur Village / Complex or retired or working anywhere in Mumbai and Digambar or Shwetambar, may contact me for this action plan on the following mobile number.

Jain Bankers Forum is to be formed in Mumbai.

Bhagchand Jain
Retired Asst. general manager sbi
President All India Jain Bankers Forum Jaipur Unit
Mob No. 99509 99339

जय जिनेन्द्र ।
उक्त संदेश मुंबई के की कुछ ट्रस्ट कमेटियों के माध्यम से सर्कुलेट किया गया है । इस ग्रुप में भी मुंबई का कोई जानकर जैन बैंकर हो तो शेयर करे ।

## ABJBF Central Unit: 12.05.23

एक जैन बच्ची आंचल जैन जिसकी यूनियन बैंक में नियुक्ति हमारे संरक्षक श्री आरसी लोढ़ा जी के प्रयासों से लगभग 2 वर्ष पूर्व हुआ था मुंबई मैं हुई थी।

नियुक्त के उपरांत से ही हम उसके दिल्ली ट्रांसफर के लिए प्रयासरत थे। श्री अशोक कुमार जी जैन रिटायर्ड महाप्रबंधक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के निरंतर प्रयासों के कारण आज उसके ट्रांसफर आर्डर दिल्ली के लिए आ गए हैं।

हम अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ओर से श्री आरसी लोढ़ा जी एवं श्री अशोक कुमार जी जैन रिटायर्ड जीएम का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं कि उनके प्रयास सफल हुए।

पुन: हृदय से आभार।

जेके जैन सोम प्रकाश जैन
राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय महासचिव

## Satna Unit: 14.05.23

सतना यूनिट द्वारा जैन बैंकर्स फोरम को गति प्रदान करने के लिए विचार-विमर्श हेतु एक अति आवश्यक बैठक रविवार 14 मई को प्रात: 9 बजे वासुपूज्य मन्दिर, सतना में आहुत की गई। सामूहिक अभिषेक, पूजन, शान्तिधारा के बाद सामान्य सभा सम्पन्न हुई । भोपाल यूनिट के सक्रिय कार्यकर्ता शीलचन्द्र जी द्वारा प्रेरणादायी उद्बोधन भी दिया गया।

## Gurgaon Unit: 14.05.23

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार कल अष्टमी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 96 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया ।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 3-3 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी ।ओर श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की । इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया.
राजेश जैन, सचिव

## Gurgaon Unit: 18.05.23

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार कल चतुर्दशी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 97 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया ।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 3-3 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी ।ओर श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की । इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया ।
राजेश जैन, सचिव

## Ghaziabad Unit: 22.05.23

Ghaziabad unit has displayed posters for educational loan and assistance in banking related problems in all the local Jain mandir in Ghaziabad for benefit of the Jain community.
S.K.Jain President V.K.Jain Secretary

## Jaipur Unit: 24.05.23

आज श्रुत पंचमी है । यह कटु सत्य है कि सभी जैन कहलाने वाले विरासत में प्राप्त जैन उपनाम का जीवन भर अपने हित में उपयोग करते है । आज कृतज्ञता प्रकट करने का दिन है । जिस शास्त्र के लिपिबद्ध होने के कारण ही हम जैन धर्म को जी रहे है, उसके बारे में थोड़ी बहुत जानकारी तो हम तथाकथित बुद्धिजीवी, चिंतको होनी ही चाहिए ।
एक जैन बैंकर्स के रूप में कुछ प्रयास किया है कि प्रतियोगिता के माध्यम से न्यूनतम वांच्छित धर्म से संबंधित ज्ञान वर्धन हो ।
अब आपकी सुविधा के लिए श्रुत पंचमी पर एक जैन बैंकर्स द्वारा संकलित आलेख जो राजस्थान राज्य एवं केंद्रीय स्तर पर मुंबई से प्रकाशित समाचार पत्रों -
1) दैनिक भास्कर,
2)राजस्थान पत्रिका,
3)इकोनॉमिक टाइम्स मुंबई (Economic Times English),
4) पंजाब केसरी,
5) दैनिक नव ज्योति,
6) समाचार जगत,
7) शाबास इंडिया और भी अन्य पत्रों में प्रकाशित आलेख, धर्म ग्रंथो को पढ़कर श्रुत पंचमी पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सहभागिता प्रदान करने की चेष्टा करें ।
समयावधि आज रात्रि 9.00 बजे तक ही है , फिर भी रुचि प्रकट करने पर प्रतियोगिता का समय बढ़ाया जा सकता है ।
जैन बैंकर्स के अतिरिक्त अखिल भारतीय स्तर पर इस प्रतियोगिता की अच्छी प्रतिक्रिया है ।
प्रश्नोत्तरी को पढ़कर ही अपना मंतव्य व्यक्त कर सकता है ।

**Jaipur Unit: 25.05.23**

जैन बैंकर्स के लिए गौरव के क्षण

जैन बैंकर्स की हर क्षेत्र में उपयोगिता एवं प्रभुत्व दिखाई दे रहा है । हमारी सवाई माधोपुर इकाई के सचिव श्रीमान प्रेमचंद जी जैन को टोंक जिले का लोकपाल नियुक्त किया गया है । श्री प्रेमचंद जी को बहुत बहुत बधाई एवं अपने नवीन कार्यकाल के लिए हार्दिक शुभकामनाएं ।

टीम जयपुर जैन बैंकर्स

**Jaipur Unit: 26.05.23**

श्रुत पंचमी के अवसर पर राजस्थान जैन साहित्य परिषद, जयपुर के संयोजन में दिनांक 24/05/2023 को बड़ा जैन मंदिर, दड़ा, जौहरी बाजार, जयपुर से आगम ग्रंथ शटखंडागम को रथ में विराजमान करके एक रथ यात्रा, विशाल जुलूस के साथ शुरू होकर संघी जी के मंदिर, मनिहारों का रास्ता में धर्म सभा के साथ समापन हुआ । मुझे इस रथ यात्रा में जिनवाणी सेवक के रूप में रथ में शटखंडागम महा ग्रंथ के चरणों में सेवा का अवसर प्राप्त हुआ । यहां यह उल्लेखनीय है की मूल रूप से यह अवसर श्री पदम चंद जी जैन, सदस्य जैन बैंकर्स फोरम जयपुर, शांतिनगर, जयपुर को प्राप्त था लेकिन किसी कारणवश उन्होंने यह पुण्यार्जन मुझे प्रदान किया । सादर आभार ।

कार्यक्रम के कुछ फोटोग्राफ शेयर किए जा रहे है ।

इस त्रिदिवसीय कार्यक्रम में श्री पदम बिलाला की भी सहभागिता थी ।

भागचंद जैन मित्रपुरा

अध्यक्ष अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर

**Jaipur Unit: 26.05.23**

श्रुत पंचमी के अवसर पर जयपुर में आयोजित त्रि-दिवसीय कार्यक्रम (22/5 से 24/05/23 तक) में यह उल्लेखनीय है कि निम्न जैन बैंकर्स की सक्रिय सहभागिता रही -

1) श्रीमान ताराचंद जी सोगानी (84) बीओबी- कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ;

2) श्रीमान पदम चंद जी सेठी सीबीआई ( जिनवाणी सेवक);

3) श्रीमान पदम चंद जी बिलाला, सीबीआई,

4) श्रीमान राजेंद्र जी पापड़ीवाल आईसीआईसीआई,

5) भागचंद जैन एसबीआई (जिनवाणी सेवक)

**Bhopal Unit: 26.05.23**

जैन संस्कार शिविर शाहपुरा मंदिर में आज का बच्चो को जलपान जैन बैंकर्स फोरम भोपाल की और से रहा. सभी प्रसिक्षार्थी बच्चो का मनोबल बड़ाने हेतु सभी को पुरस्कार वितरण भोपाल शाखा द्वारा दिनांक 2जून को किया जाएगा.

**Satna Unit: 28.05.23**

पूज्य आचार्य दयासागर जी महाराज का जैन बैंकर्स फोरम, सतना के पदाधिकारियों को आगवानी, पाद प्रक्षालन और आरती करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आचार्य श्री की आगवानी करते संरक्षक पण्डित सुरेशचन्द्र जी,अध्यक्ष सतीश जैन और सचिव अशोक चौधरी सपरिवार

**Gurgaon Unit: 29.05.23**

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार कल अष्टमी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 98 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया ।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 3-3 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी ।ओर श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की । इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया ।

राजेश जैन, सचिव

**Ghaziabad Unit: 29.05.23**

New karyakarini members of Akhil Bhartiya Jain Bankers forum Ghaziabad unit declared in the meeting of 27.05.23 Saturday for the period 2023-26.

| | |
|---|---|
| President | Sh.S.K.Jain SBI |
| Vice President | Sh.Munish Chand Jain PNB |
| Secretary | Sh.V.K.Jain CBI |
| Joint secretary | Sh.S.C.Jain.BOI |

Treasurer Sh.Satish Jain CBI.

E.C.Members Sh.Subash Kumar Jain Indian bank

Sh.Pramod Jain PNB

Sh.Umesh Jain PNB

Sh.Sandip Jain BOB

**Agra Unit: 30.05.23**

दिनांक 21 मई 2023 रविवार को दिगंबर जैन मंदिर गंगेगौरी बाग, बलकेश्वर में जैन बैंकर्स फोरम के तत्वाधान में बैंकिंग परामर्श शिविर का आयोजन फोरम के कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजीव जैन की अध्यक्षता में किया गया जिसमें बहु संख्या में स्त्री/पुरुषों ने भाग लिया। दीप प्रज्वलन से शिविर का शुभारंभ हुआ। दीप प्रज्वलन मंदिर के अध्यक्ष श्री राजेंद्र जैन एडवोकेट ने किया। तत्पश्चात मंगलाचरण श्री अवधेश जैन ने किया। उपस्थित सभी महिलाओं/पुरुषों का तिलक,पटका तथा माला पहनाकर स्वागत किया गया। तदापुरांत मंत्री ने उपस्थित, जैन समाज के लोगों को आमंत्रित किया कि वे अपनी समस्याओं को समाधान एवं सुझाव हेतु फोरम के समक्ष रख सकते हैं। श्री महेश जैन ,मारुति एस्टेट ने बैंको के करंट अफेयर्स पर अपने विचार प्रकट किए।फोरम के मंत्री जे बी जैन ने भी लॉकर, फिक्स डिपोजिट एवं नॉमिनेशन के बारे में अपने विचार रखे कि भविष्य की समस्याओं से बचने के लिए जमा कर्ताओं को क्या क्या सावधानियां रखी जानी चाहिए। इस सभा में उपस्थित लोगों ने एटीएम, करेंट अकाउंट,नकद रोकड जमा आदि के बारे में अपने अपने प्रश्न पूछे तथा फोरम की तरफ से श्री अवनि जैन ,राजीव जैन, ,महेश जैन, राजेंद्र जैन,अवधेश जैन,सत्येंद्र जैन ने सभी की शंकाओं का संतोषजनक समाधान किया। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम 1 घंटे से अधिक समय तक चला।

उसके पश्चात बैंकर फोरम के सदस्यों की मासिक साधारण सभा आयोजित की गई जिसमें मंत्री द्वारा पिछली मीटिंग की कार्यवाही पढ़कर सुनाई गई तथा स्वास्थ्य शिविर जो कि 2 अप्रैल 2023 को जैन मिलन महान आगरा के संयुक्त प्रयासों से नुनिहाई जैन मंदिर में आयोजित किया गया था, उसका आय-व्यय का विवरण विस्तृत रूप से रखा गया तथा 3 अप्रैल को महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर जल एवं फ्रूटी वितरण व्यय का विवरण भी सदन में रखा गया दोनो विवरणों की सदन द्वारा सर्वसम्मति से पुष्टि की गई। मंत्री ने सुझाव दिया कि फोरम को गौशाला के लिए भी चारा इत्यादि के लिए सहयोग करना चाहिए। इसके लिए सभी ने एकमत से अपनी स्वीकृति प्रदान की।

श्री महेश जैन ने अपना सुझाव दिया शिक्षा के क्षेत्र में जो आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है उसके लिए एक अलग से शिक्षा फंड बनाया जाना चाहिए। इस पर विस्तृत चर्चा के बाद निर्णय लिया गया की अलग से फंड की कोई आवश्यकता नहीं है। केस टू केस बेसिस पर शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता सभी के सहयोग से प्रदान की जाती है एवं यही व्यवस्था आगे भी जारी रखी जाए।मंत्री ने सदस्यों से अनुरोध किया कि सभी लोग आपसी सहमति से निश्चित की गई मासिक राशि का यथाशीघ्र भुगतान करें ताकि सामाजिक कार्यों को गति प्रदान की जा सके।

शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता हेतु कुमारी भव्या जैन एवं आराध्या जैन गांव पुरामना,तहसील किरावली, का आवेदन प्राप्त हुआ है। उनके पिता पारस जैन से फोन पर बात की गई तथा उनके द्वारा बताया गया कि जुलाई तक फीस जमा करनी है।मंत्री के अनुसार फोरम द्वारा पहले ही उनसे कॉलेज के बैंक खाते की विवरण डिटेल मांगी है ताकि दोनों बच्चियों की फीस कॉलेज के बैंक खाते में ट्रांसफर की जा सके।

श्री अवधेश जैन ने सुझाव दिया कि एक धार्मिक यात्रा (सुबह से लेकर शाम तक वापसी ) की जाए। इसके लिए टूर ले जाने पर चर्चा हुई लेकिन कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका। अध्यक्ष राजीव जैन ने अपना सुझाव दिया कि बरही, बरासो, भिंड,शौरीपुर, बटेश्वर, बाह की यात्रा एक दिन में हो सकती है।

प्रतिभाशाली छात्रों के सम्मान करने पर निर्णय लिया गया कि

a. H.school/Intermediate क्लास के छात्रों /छात्राओं जिन्होंने 90% या अधिक नंबर प्राप्त किए हैं।

b. ग्रेजुएशन में 80%या अधिक नंबर प्राप्त किए हैं ।

C. प्रोफेशनल के लिए कोई अंक बाध्यता नहीं

उपर्युक्त कैटेगरी में आने वाले सदस्यों के पुत्र,पुत्री,नाती/नातिन,धेवते/धेवती सम्मान के पात्र होंगे।।

अंत में अध्यक्ष द्वारा सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया। संचालन मंत्री जे बी जैन द्वारा किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजीव जैन द्वारा की गई। स्वल्पाहार के लिए मंदिर की प्रबंध कमेटी को धन्यवाद दिया गया इस तरह सभा विसर्जित हुई।।

जे बी जैन, मंत्री

## Jaipur Unit: 30.05.23

मालवीय नगर संभाग द्वारा दि. 29/05/23 को परिंडा लगाने एवं परिंडा वितरण कार्यक्रम में जैन बैंकर्स का प्रतिनिधित्व रहा:

1.आयोजक श्री अजीत कुमार जैन

2. श्री राजेंद्र पापड़ीवाल

3. भागचंद जैन मित्रपुरा

## Jaipur Unit: 01.06.23

अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी प्रबंधकारिणी समिति ने विभिन्न व्यवस्था समितियों में निम्न जैन बैंकर्स को सम्मिलित किया है :

1. भागचंद जैन - स्टोर व्यवथा समिति

2. श्री राजेंद्र पापड़ीवाल - मंदिरान एवं संत निवास व्यवस्था समिति श्री धनु कुमार जैन पहले से ही आर्थिक सहायता व्यवस्था समिति से जुड़े हुए है ।

## Bhopal Unit: 01.06.23

कल दिनांक 01 जून 2023 दिन गुरुवार को श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, शाहपुरा भोपाल में श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का अंतिम दिन था और समापन के अवसर पर फोरम की ओर सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरष्कृत किया गया। फोरम के उपाध्यक्ष श्री आनंद सराफ और सचिव श्री प्रभात गोयल द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया, 42बच्चो को विभिन्न प्रतियोगिताओं में पुरस्कृत किया गया, इसके पूर्व भोपाल फोरम के सदस्यों की मीटिंग की गई जिसमे, त्रिमासिक सामान्य मीटिंग और माह जुलाई में व्रछारोपण करने का संकप्ल लिया गया, सभी सदस्यों का आभार.

**Gurgaon Unit: 04.06.23**

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार कल चतुर्दशी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 99 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया ।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 3-3 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी ।ओर श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की । इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया ।

राजेश जैन, सचिव

**Jaipur Unit: 06.06.23**

05/06/2023 विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दुर्गापुरा गौ शाला में एसबीआई एएमएल एवं सीएफटी कॉरपोरेट ऑफिस, जयपुर द्वारा वृक्षारोपण का आयोजन किया गया । इस अवसर पर महाप्रबंधक(G M) एवं छः उप महा प्रबंधक(DGM) सहित पूरे स्टाफ की सहभागिता थी । श्री प्रदीप जैन, एजीएम, की पहल पर एसबीआई के एक्स स्टाफ के रूप में भागचंद जैन, पूर्व सहायक महा प्रबंधक एवं श्री राकेश जैन, पूर्व मुख्य प्रबंधक कार्यक्रम में सहभागी थे ।एएमएल एवम् सीएफटी में कार्यरत श्री प्रदीप जैन एजीएम एचआर; श्री पवन काला प्रबंधक, एसबीआई ने जैन बैंकर्स फोरम के रूप में ही हमारा परिचय कराया । जीएम एवं डीजीएम महोदय को जैन बैंकर्स फोरम की गति विधियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की गई । उक्त कार्यक्रम हमारी ही पहल पर पहले चूल गिरी में प्रस्तावित था, वहां से मना होने पर दुर्गापुरा गोशाला का प्रस्ताव हमने ही दिया एवं गौ शाला के संचालकों से आरंभिक बातचीत कर इसे कार्यरूप में परिणित करवाया।

**Jaipur Unit: 09.06.23**

विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर 04/06/23 को राष्ट्रदूत हाउस में श्री सुनयन शर्मा, पूर्व निर्देशक, केवलादेव उद्यान द्वारा उनके अनुभव साझा किए गए थे । पर्यावरण रक्षण मुख्य विषय था । 5-6 श्रोताओं ने कुछ प्रश्न भी किए, आदरणीय डी आर मेहता साहब भी इसमें सम्मिलित थे । सभी ने अपने तरीके से प्रश्न किए । जैन बैंकर्स के रूप में मैं भी राष्ट्रदूत ( राष्ट्रदूत में मेरे आलेख संपादकीय के रूप में प्रकाशित होते है) की ओर से आमंत्रितों में से था । प्रश्न करने का मुझे भी अवसर मिला । सार इस प्रकार है :

"हम सभी बात कर रहे है टाइगर कंजर्वेशन की, वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन की । बहुत ही सीधा तरीका है की हम अपनी जीभ का स्वाद छोड़ दे, जानवरों को मारना छोड़ दे, मांसाहार करना छोड़ दे तो वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन स्वयमेव हो जायेगा । किसी को भी ज्यादा प्रयास करने की जरूरत नहीं होगी ।

जानवरों को आपस में लड़ने दो, एक दूसरे का भोजन बनने दो। वे तो जानवर है और हम मनुष्य है, कुछ तो अंतर करना ही चाहिए । दूसरी और अहिंसा पालन केवल जैन धर्मावलंबियों की जिम्मेदारी नहीं है, लिगेसी नहीं है । सभी धर्मो में अहिंसा पालन मुख्य धर्म बताया गया है आदि । "

यंहा मैं यह शेयर करना चाहूंगा कि जैन बैंकर्स का प्रतिनिधि होने नाते जहां कहीं भी अवसर मिलता है हमे अपने धर्म की मूल भावना अवश्य व्यक्त करनी चाहिए, लेकिन पहले स्वयं को पालन करना चाहिए। हम संख्या में कम है, लेकिन काम के है । हमारी बात पर ध्यान दिया जाता है एवम् जल्दी से हमारी बात का कोई विरोध भी नहीं करता है । श्री राजेंद्र जी पापड़ीवाल आईसीआईसीआई ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया था ।

भाग चंद जैन

## Gurgaon Unit: 12.06.23

गुड़गांव जैन बैंकर्स फोरम, गुड़गांव द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार कल अषाढ़ कृष्ण अष्टमी दिनांक 11 जून 2023 को फोरम के सदस्यों ने भगवान महावीर अभ्युदय अतिशय क्षेत्र, महावीर पार्क गुड़गांव में प्रातः 10.30 बजे सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी पाठ का 100 वाँ क्रम का आयोजन 48 दीपकों के साथ महा अर्चना युक्त किया गया। समारोह का प्रारंभ मंगलाचरण से किया।

श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने भक्तिभाव पूर्वक सामूहिक रूप से काव्य बोल कर तथा प्रत्येक संस्कृत और हिंदी काव्य के पश्चात मंत्र बोल कर एवं साथिये पर दीपक का अर्घ्य चढ़ा कर किया गया. उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी और तत्पश्चात श्री महावीर भगवान की आरती,पंच परमेष्ठि की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की। सभी महिला और पुरुष सदस्यों भक्ति पूर्वक नृत्य करते हुए सम्पूर्ण आनन्द प्राप्त किया। इस संबंध में ये उल्लेखनीय है की हमारी केन्द्रीय कार्यकारिणी द्वारा सराकोद्धारक आचार्य श्री 108 ज्ञानसागर जी महाराज के षस्टम पट्टाचार्य पदारोहण दिवस के अवसर पर एक घंटे का भक्तांमर स्त्रोत पाठ जूम के माध्यम से आयोजित 27 मई 2021 को करने का आव्हान किया था, इस कार्यक्रम से प्रेरित हो कर हमारे यूनिट द्वारा 1 जून,2021 ऑनलाइन भक्तामर पाठ किया  गया था।

उक्त पाठ के पश्चात् फोरम के सदस्यों ने सुझाव दिया कि क्यों न हम सब यह पाठ प्रत्येक अष्टमी व चतुर्दशी को ऑनलाइन के माध्यम से किया करें!! अतः सभी की सहमति से पहला पाठ दिनांक 9 जून, 2021 को प्रारम्भ किया गया । उसके बाद यह पाठ निर्बाध रूप से प्रत्येक अष्टमी एवं चतुर्दशी को गूगल मीट व offline संपन्न होता रहा तथा सदस्यों के आपसी सहयोग व प्रयास से इसमें भाग लेने वालों की रुचि व संख्या बढ़ती गई । तथा पाठ की 25, 50 व 75वीं श्रृंखला पार करते हुए आज 100 तक पहुंच गई।

इसी क्रम में हम सभी सदस्यों और परिवार के सदस्यों ने दिनांक 11 जून,2023 को "100 वां भक्तामर स्तोत्र पाठ " सामूहिक रूप से संपन्न किया, इसमें लगभग 54-55 सदस्यों ने सहयोग दिया, जो कि हमारी यूनिट के लिये बहुत ही गरिमामयी अवसर रहा।  इस अवसर को चिरस्मरणीय बनाए रखने के लिए फोरम द्वारा प्रत्येक सदस्य को एक स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। जिसे फोरम के वरिष्ठ सदस्यों श्री पी के जैन, श्री सोम प्रकाश जैन, श्री नरेश चंद जैन, श्री ओम प्रकाश जैन, श्री अनिल कुमार जैन एवं श्री पवन जैन ने वितरित किए।

इस अवसर पर एक निर्णय और लिया गया कि आगम की प्रभावना बढ़ाने और सदस्यों में ज्ञान वर्धन के लिए एक ऑनलाइन प्रशोत्तरी का आयोजन किया जाय, इसका सभी सदस्यों ने बहुत उत्साह से समर्थन किया। इसकी रूपरेखा बना कर शीघ्र ही इसे क्रियान्वित किया जाएगा तथा प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले सदस्यों को फोरम द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा।

कार्यक्रम के समापन पर सभी सदस्यों ने समाधि भावना का उच्चारण किया गया। कार्यक्रम के पश्चात सुस्वादु भोजन की व्यवस्था की गई थी जिसकी सभी सदस्यों ने सराहना की। समारोह के अंत में प्रधान श्री पवन जैन ने सभी को धन्यवाद और आभार ज्ञापित किया।

राजेश जैन, सचिव

## Jaipur Unit: 12.06.23

जैन बैंकर्स फोरम जयपुर के संरक्षक, दिगंबर जैन महावीर शिक्षा समिति के अध्यक्ष, संयुक्त सचिव श्री महावीर जी कमेटी, पूर्व निदेशक एसबीबीजे श्री उमराव मल संघी के सुपुत्र श्री नवीन संघी को फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया का सदस्य मनोनीत करने पर मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत का मुख्यमंत्री निवास पर आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करने का दृश्य । जैन बैंकर्स फोरम की ओर से श्री प्रदीप जैन लाला, संरक्षक, श्री पदम बिलाला, श्री राकेश छाबड़ा, श्री सुनील बज, भागचंद जैन आदि भी इस प्रतिनिधि मंडल में सम्मिलित हुए ।

**Jaipur Unit: 16.06.23**

आज दौसा में आचार्य सौरभ सागर जी महाराज- (वर्षाकाल सेक्टर 8, प्रताप नगर), जयपुर एवं भंडाना में आचार्य चैत्य सागर जी महाराज- (वर्षाकाल बाड़ा पदमपुरा, जयपुर) से राजस्थान जैन सभा एवं राजस्थान जैन युवा सभा के अध्यक्ष, मंत्री के साथ जैन बैंकर्स फोरम के प्रतिनिधियों द्वारा जयपुर की ओर विहार हेतु निवेदन किया गया एवं आचार्य द्वय से आशीर्वाद भी प्राप्त किया ।

आचार्य चैत्य सागर जी मुनिराज ने अपने भंडाना प्रवास के दौरान उक्त प्रतिनिधि मंडल को सचेत किया कि समाज में शिथिलाचार अपनी पैठ जमा चुका है, दिखावे की क्रियाओं में हम पूर्ण सक्रिय है । आधारभूत अवसंरचना - हॉस्पिटल, स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटीज आदि खोलने की ओर हमने ध्यान नही दिया तो आने वाली पीढ़ियां जैन धर्म से बिल्कुल विमुख हो जाएगी । अत: आवश्यकता है कि तत्काल प्रभाव से इस दिशा में समग्र विचार विमर्श किया जाय।

हम देख सकते है की श्रावको की निष्क्रियता के कारण निष्काम गुरु आचार्यों को जैन धर्म के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु अपनी आवाज मुखर करनी पड़ रही है ।

जैन समाज के लिए सोचने का बिंदु आचार्य श्री ने 'ऑन एयर ' कर दिया है ।

**Jaipur Unit: 17.06.23**

श्री महावीर जी प्रबंधन सेवाओं (Management Services) हेतु प्रथम फेज में अधोलिखित जैन बैंकर्स को अवसर प्राप्त हुआ है, हम इनके पुण्यार्जन की अनुमोदना करते है ।

1. श्री उमराव मल जी संघी - संरक्षक, मुख्य कार्यकारी
2. श्री सुनील काला, *सचिव*
3. श्री राकेश छाबड़ा (Common with Shree Veer Sewak Mandal)
4. श्री सुकेश काला
5. श्री नवीन गंगवाल
6. श्री प्रदीप गोधा (Common with Shree Veer Sewak Mandal)

भाग चंद जैन, अध्यक्ष पदम बिलाला, कार्याध्यक्ष

**Gurgaon Unit: 17.06.23**

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार कल चतुर्दशी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 101 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया ।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 3-3 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी ।ओर श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की । इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया ।

राजेश जैन, सचिव

**Jaipur Unit: 23.06.23**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्री प्रदीप जैन AGM HR AML CFT Corporate Centre, Jaipur द्वारा एसबीआई स्टाफ सदस्यों को योगाभ्यास कराया गया। श्री प्रदीप जैन बहुमुखी प्रतिभा के धनी है, बैंक स्तर पर आयोजित 100, 200, 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते रहे है । ये समाज के लिए कुछ भी करने को उत्सुक रहते है ।जैन बैंकर्स फोरम के सक्रिय सदस्य है । जैन बैंकर्स फोरम में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता है पहल करने की, समाज हित में उपयोग करने की ।श्री पवन काला, aml cft, सदस्य जयपुर जैन बैंकर्स का इस कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग रहा ।

## Gurgaon Unit: 27.06.23

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार कल अष्टमी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 102 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया ।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 3-3 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी ।ओर श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की । इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया ।

राजेश जैन, सचिव

## Bhopal Unit: 04.07.23

Members of Bhopal Unit distributed food in cancer hospital.

## Gurgaon Unit: 07.07.23

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार दिनांक 2 जुलाई चतुर्दशी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 103 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया ।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 3-3 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी और श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की । इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया ।

राजेश जैन
सचिव

## Gurgaon Unit: 10.07.23

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार आज अष्टमी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 104 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया । श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 2-2 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी और श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की । इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया ।

राजेश जैन
सचिव

## Gurgaon Unit: 13.07.23

गुड़गांव यूनिट द्वारा आयोजित धार्मिक प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को प्रशस्तिपत्र दिये गए । यह प्रशस्तिपत्र हमारे यूनिट के सहसचिव श्री डी सी जैन जी द्वारा डिजाइन किया गया । वह बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं . उनके गाये हुए भजन एवं गाने यू ट्यूब पर उपलब्ध हैं.

## Jaipur Unit: 16.07.23

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर द्वारा रविवार दिनांक 16.07.2023 को ग्राम भारती समिति के पर्यावरण केन्द्र गांधीवन में वन महोत्सव का आयोजन किया गया । फोरम के 11 सदस्यीय दल ने सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत 101 पौधों का वृक्षारोपित किये। इसी कार्यक्रम के अन्तर्गत आगामी वर्षों में 5000 वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा है। कार्यक्रम में जैन बैंकर्स फोरम के अध्यक्ष भाग चंद जैन मित्रपुरा, सुनील काला मंत्री, अशोक जैन आईसीआईसीआई बैंक, निहाल चंद जैन, मुकेश पांड्या, कमल चंद जैन सेवावाले, जितेंद्र जैन, कैलाश चंद जैन, सुरेश जैन, सुरेश बज सहभागी रहे । एन के सेठी का कार्यक्रम में विशेष योगदान रहा । सुश्री सुदीप कौर आईएफएस, जेडीए का पौधे उपलब्ध करवाने में अपेक्षित सहयोग रहा । रुपए 50000/- से अधिक के 5 से 8 फीट ऊंचाई के पौधे उपलब्ध कराए गए । 30 वर्षो से लगातार गांधीवन नर्सरी में भी पौधे तैयार किये जा रहे हैं ।

ग्राम भारती समिति की सचिव कुसुम जैन ने बताया कि प्रात: 11.00 बजे सभी गांधीवन में उपस्थित हुये एवं कार्यक्रम का शुभारम्भ गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष किया गया। वृक्षारोपण हेतु बरगद, पीपल, नीम, गुडहल, कटहल, मीठी

नीम, जामुन, आदि विभिन्न ऑक्सीजन रिच प्रजातियों का वृक्षारोपण किया। आज गांधीवन एक घने जंगल का रूप ले चुका है। शुरूआत में यहां एक भी हरा पेड़ नहीं था सिर्फ रेत के टीले थे।संस्था को इस अनुठे कार्य के लिये राष्ट्रीय / अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये गये हैं। जिनमें मुख्य रूप से इन्दिरा प्रियदर्शनी वृक्षमित्र पुरस्कार, फोर्ड इण्डिया कम्पनी पुरस्कार एवं जमनालाल बजाज पुरस्कार आदि। गांधीवन परियोजना संरक्षक श्री धर्मेन्द्र जैन, पूर्व पार्षद ललित पारीक, वित्तीय सलाहकार आदि का भी इस कार्यक्रम के आयोजन में योगदान रहा।

| | | |
|---|---|---|
| भागचंद जैन | सुनील काला | पदम बिलाला |
| अध्यक्ष | सचिव | कार्याध्यक्ष |

## Gurgaon Unit: 16.07.23

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार कल चतुर्दशी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 105 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 2-2 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी और श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की। इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया।

राजेश जैन, सचिव

## Jaipur Unit: 17.07.23

**पेड़ लगाओ। पर्यावरण बचाओ।।**

आज ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से सम्पूर्ण जगत चिंतित है। इस समस्या के निवारण हेतु संयुक्त राष्ट्र संगठन द्वारा महासभा आयोजित की गई एवं स्वीडन के स्टॉकहोम में 5 जून, 1972 को आयोजित संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) द्वारा मानव पर्यावरण पर आयोजित संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में विश्व पर्यावरण दिवस (World Environment Day) मनाने का निर्णय लिया गया। प्रथम विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 1973 को मनाया गया था। तभी से प्रतिवर्ष इसी दिन विश्व पर्यावरण दिवस प्रति वर्ष मनाया जाता है।ग्लोबल वार्मिंग का मानव जाति पर, पशु पक्षियों पर एवं वनस्पति पर सीधा असर सभी जगह दिखाई देने लग गया है। सब संकट में है। ग्लोबल वार्मिंग का मुख्य कारण जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, मृदा प्रदूषण आदि सभी जगह प्रदूषित वातावरण का फैलाव होना है।हमारे देश में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निर्धारित मानक 33.33% वन भूमि के स्थान पर 24.82% वन क्षेत्र है। देश में 3518 करोड़ वृक्ष लगे हुए है। वर्तमान में 1200 करोड़ वृक्ष लगाने की और आवश्यकता है। देश में प्रति व्यक्ति मात्र 28 पेड़ है जबकि प्रति व्यक्ति औसतन 37 वृक्षों की आवश्यकता है।कनाडा में यही आंकड़ा 8953 वृक्ष एवं संयुक्त राज्य अमेरिका में 699 प्रति व्यक्ति वृक्ष का है।दूसरी ओर देश में अंतिम संस्कार में प्रति व्यक्ति 5 क्विंटल लकड़ियों की आवश्यकता होती है।राजस्थान की स्थिति इस मामले में अत्यधिक सोचनीय है। राजस्थान का क्षेत्रफल 3.42 लाख वर्ग किमी है एवम मात्र 4.87% क्षेत्र में अर्थात 16655 वर्ग किमी भूमि पर ही वन क्षेत्र है। यह एक विचारणीय स्थिति है।हमारे प्रदेश वासियों को तो अत्यधिक संख्या में पौधा रोपण, वृक्षारोपण करने की आवश्यकता है।यह ज्ञात होना आवंश्यक हैं कि एक पेड़ 230 लि० ऑक्सीजन छोड़ता है जो 7 व्यक्तियों की आवश्कता की पूर्ति करता है।यह सोचने समझने की आवश्यकता नहीं है कि हमें वृक्षारोपण / पौधारोपण क्यों करना चहिए।

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर के 11 सदस्यों द्वारा दिनांक 16/07/23 को गांधी वन में ग्राम भारती समिति की सचिव श्रीमती कुसुम जैन के सक्रिय सहयोग से सघन पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम को निम्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया

1) राष्ट्रदूत
2) सच बेधड़क
3) दैनिक नवज्योति
4) पंजाब केसरी
5) समाचार जगत
6)जन प्रहरी एक्सप्रेस
7)कलम ए राजस्थान
8) शाबास इंडिया
9) राजस्थान पत्रिका (डाक)

10) अनोखी पत्रिका
11) दैनिक भास्कर

## Jaipur Unit: 18.07.23

जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा 1) झिलाई, निवाई में राजकीय माध्यमिक विद्यालय में एवं 2)नवग्रह जैन मंदिर , वाटिका में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर श्री पुनीत कर्णावट उपमहापौर ने भी सहभागिता की । उक्त दोनों कार्यक्रम जैन बैंकर्स फोरम जयपुर के अति सक्रिय सदस्य श्री राजेश जैन सहायक महा प्रबंधक आईसीआईसीआई के संयोजन में संपन्न हुए ।श्री ज्ञानेंद्र जैन पूर्व चेयरमैन आरएमजीबी द्वारा सेवा निवृत्ति के तुरंत पश्चात तीर्थराज सम्मेद शिखर जी के दर्शन /वंदना करना एवं महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त करना यह उनकी धर्मानुरूप आचरण की ओर रुझान को दर्शाता है । महाराज श्री के सानिध्य में शांतिधारा एवं सम्मेद।शिखर जी की यात्रा द्वारा किए गए पुण्यार्जन की बहुत बहुत अनुमोदना ।शंका समाधान में उठाई गई जिज्ञासा भी एक समीचीन जानकारी प्रदान करने में उपयोगी जानकारी प्रदान करती है ।

## Lalitpur Unit: 20.07.23

आज दिनांक 20 जुलाई को दिगम्बर जैन संत श्री काम कुमार नंदी जी मुनिराज की नृसंश हत्या के विरोध में संपूर्ण भारत बंद का आह्वान किया गया था। अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ललितपुर यूनिट के सभी सदस्यों द्वारा भी सकल जैन व जैनेतर समाज के हजारों लोगों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय में पहुंच कर एसडीएम एवम एडीएम को सभी सदस्यों व पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा ।

## Lalitpur Unit: 22.07.23

***जैन बैंकर्स फॉरम ललितपुर द्वारा वृहद वृक्षारोपण एवम फीस वितरण का कार्यक्रम संपन्न पेड़ों की देखभाल की ली शपथ ।***

श्री वर्णी जैन कॉन्वेंट स्कूल ललितपुर के प्रांगण में अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फॉरम ललितपुर के सौजन्य से वृहद वृक्षारोपण व जरूरत मंद छात्रों को फीस वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।इस मौके पर विभिन्न फलदार प्रजाति के वृक्ष जैसे आम,नीबू, अमरूद व अनार के वृक्ष रोपित किये गए। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष व वर्णी जैन कॉलेज समिति के प्रबंधक श्री सनत जैन खजुरिया ने कहा कि वृक्ष धरा का आभूषण है,यह पर्यावरण को स्वच्छ रखते हैं, इसलिए हर मनुष्य की जिम्मेदारी है कि अधिक से अधिक पेड़ लगाए।श्री महिपाल जैन एवं गौरव जैन ने उनकी देखभाल व संरक्षण की ओर ध्यान आकृष्ट किया। श्री राजकुमार सराफ,दिलीप जैन एवं अशोक जैन ने आश्वस्त किया कि वह हर माह लगाए हुए वृक्षों का निरीक्षण अवश्य करेंगे। इस अवसर पर संस्था के सदस्य श्री महिपाल जैन,गौरवजैन,राजकुमार जैन,अशोक जैन, सुरेन्द सिंघई,विजय जैन,दिलीप जैन,केवल चंद जैन,सुरेन्द्र सिंघई,विशाल मडवैया,अंकुर जैन, स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती रश्मि बुंदेला,स्नेहलता आचार्य,रतन परमार,सुरेन्द्र जैन, निशिता जैन,हिमानी,निधि,कल्पना,सोनम,दीपा,भारती,परमानंद आदि उपस्थित रहे।अंत मे सनत जैन खजुरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## Ghaziabad Unit: 22.07.23

We feel pleasure to inform you that our Ghaziabad unit has celebrated Tree plantation and artificial limbs donation program at Jiwan asha hospital Muradnagar today 22.07.23 Saturday. Twenty tree planted by our members with their spouse. Four members of our unit had declared donation of Rs.11000/- each in Varshik Adhiveshan on 23.04.23 for artificial limbs:-

1.Sh.A.P.Jain CBI
2.Sh.Vijay Jain SBI
3.Sh.V.K.Jain CBI
4.Sh.Pravin Jain BOI

Today all the four patients have been provided artificial limbs. Today two following members have given consent for artificial limbs for two patients.

1.Sh.Y.K.Jain CBI
2.Sh.Sunder lal Jain CBI

We are thankful to our members for their support and active participation in the unit program. We are hopeful for the same in future.

S.K.Jain, President V.K.Jain , Secretary

## Agra Unit: 24.07.23

दि.23.07.2023,को फोरम की आगरा इकाई की कार्यकारिणी सभा जे बी जैन,मंत्री के निवास 25 राधा विहार,कमला नगर पर आहूत की गई. सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन श्री अरुण रपरिया,संरक्षक द्वारा किया गया I उपाध्यक्ष श्री एम सी जैन, आर्यावर्त बैंक ने बैठक की अध्यक्षता की I मीटिंग का शुभारंभ मंगलाचरण से हुआ I उसके पश्चात मंत्री ने पिछली मीटिंग 21.5.23 की कार्रवाई पढ़कर सुनाई जिसकी पुष्टि की गई I जैसा कि केंद्र ने फोरम के सदस्यों की लिस्ट मांगी है उस पर भी चर्चा हुई कि जिन सदस्यों पर सदस्यता शुल्क, सहयोग राशि बकाया है उसे कैसे वसूल किया जाए I जो राशि बकाया है उसे वसूलने के लिए व्यक्तिगत तौर पर ही सदस्यों से संपर्क करना होगा तभी सही सदस्य संख्या निश्चित हो पाएगी I बहुत से सदस्य काफी दिनों से मीटिंग में नहीं आ रहे हैं उसका कारण भी पता लग जाएगा तथा बकाया राशि की मांग भी हो जाएगी I मेधावी छात्र छात्राएं सम्मेलन के लिए अभी तक मार्कशीट केवल दो लोगों की आई है. जैसा कि मंत्री ने बताया. निर्णय लिया गया की 15 जुलाई अंतिम तारीख से बढ़ाकर इसे 15 अगस्त कर दिया जाए तथा इसके इसके विषय में विज्ञप्ति निकाल दी जाए इसके बाद कोई भी मार्कशीट स्वीकार नहीं की जाएगी I यह भी निर्णय लिया गया कि जो हमारे सदस्य 75 साल या उससे अधिक के हो चुके हैं तथा जिनका पूर्व में सम्मान नही हुआ है उन्हें भी इसी मेधावी छात्र छात्राओं के सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाए I इस अवसर पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी रखा गया. राधा विहार कॉलोनी में कदंब के पेड़ लगाए गए. जिसमें सभी लोगों ने भाग लिया और निर्णय लिया गया कि वृक्षारोपण कार्यक्रम दुबारा भी किया जा सकता है I अभी वर्षा ऋतु का सीजन है I चुंकि ये बैठक मंत्री के आतिथ्य में बुलाई गई थी, इसलिए जलपान की व्यवस्था उन्ही की तरफ से की गई जिसके लिए उनके परिवारजनों को अध्यक्ष द्वारा धन्यवाद दिया गया।

## Aligarh Unit: 25.07.23

आज दिनांक 23 जुलाई 2023 को प्रातः 11 बजे पार्श्व भवन बड़ा जैन मंदिर में अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की साधारण सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता श्री एस के जैन अध्यक्ष जी ने की | बैठक में 16 सदस्य उपस्थित हुए | बैठक में सर्वप्रथम णमोकार मंत्र का वाचन किया गया. तत्पश्चात पिछली बैठक की कार्रवाई पढ़कर सुनाई गई व अनुमोदन किया गया | बैठक में एजेंडा के अनुसार पिछले 2 वर्षों के सदस्यता शुल्क (100/- प्रति वर्ष) जमा कराने के लिए कहा गया जिसे सभी सदस्यों ने स्वीकार किया| बैठक में आगामी अन्य सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों पर भी विचार किया गया. इस हेतु 300/- प्रति सदस्य सहयोग राशि निर्धारित की गयी | इस संदर्भ में आगामी 23 अगस्त को श्री पार्श्वनाथ भगवान के 2800 निर्वाण महोत्सव पर सासनी गेट गौशाला में एक ट्रॉली चारे की भेंट करने की स्वीकृति प्राप्त हुई | सभी सदस्यों से अनुरोध है कि वह आगामी 23 अगस्त को प्रातः 10:00 बजे सासनी गेट गौशाला पर अवश्य उपस्थित हो , तत्पश्चात एजेंडा के अनुसार नवीन कार्यकारिणी के गठन पर विचार हुआ जिसमें सर्वसम्मति से श्री अतुल कुमार जैन अध्यक्ष,श्री नीरज जैन उपाध्यक्ष, श्री नृपेंद्र जैन मंत्री, श्री मुकेश जैन उपमंत्री व श्री विनय जैन कोषाध्यक्ष निर्वाचित किए गए. श्री गिरीश चंद जैन को धार्मिक कार्यक्रम संयोजक एवं फोरम के नवीन सदस्य श्री मयंक जैन को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया | सभी वरिष्ठ सदस्यों को फोरम का संरक्षक मनोनीत किया गया |श्री अनिल कुमार जैन (निवर्तमान कोषाध्यक्ष )द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई |अंत में श्री महावीर स्वामी की जय घोष के साथ सभा की समाप्ति की घोषणा की गई |

अतुल कुमार जैन, अध्यक्ष

## Gurgaon Unit: 26.07.23

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार आज अष्टमी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 106 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया। श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 2-2 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी

की महिमा पढ़ी और श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की। इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया।

राजेश जैन, सचिव

**THA Ghaziabad Unit: 06.08.23**

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि आज दिनांक 6. 8 2023 रविवार को प्रातः 11:00 बजे अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा की ओर से एक वृहत वृक्षारोपण कार्यक्रम श्री दिगंबर जैन मंदिर सैक्टर 3 वैशाली गाजियाबाद में आयोजित किया जिसमें मुख्य रूप से नीम अशोक शीशम नींबू जामुन आदि के कम से कम 3 फुट ऊंचे पौधे लगाए साथ ही मंदिर के मालि को उनके पोषण की जिम्मेदारी भी दी गई ताकि आने वाले समय में वहां का वातावरण पूर्ण रूप से स्वच्छ, हरा-भरा एवं पर्यावरण मुक्त हो। इस कार्यक्रम में शाखा के 12 सदस्यों ने भाग लिया श्री जे के जैन संरक्षक, श्री विशाल चंद जैन अध्यक्ष, श्री अंकित जैन सचिव, श्री निर्मल कुमार जैन कोषाध्यक्ष, श्री बी एस जैन एसबीआई, श्री अतुल कुमार जैन कोटक महिंद्रा बैंक, श्री अभिषेक जैन कोटक महिंद्रा बैंक संरक्षक, श्री एसपी जैन क्रॉसिंग रिपब्लिक, श्री अभीक जैन एचडीएफसी बैंक, श्री मयंक जैन बर्कले बैंक, श्री एसपी जैन आईसीआई बैंक, श्री श्रेयांश जैन जी आदि। इस अवसर पर श्री दिगंबर जैन मंदिर के अध्यक्ष श्री महिम जैन जी ने भी अपनी गरिमामई उपस्थिति दर्ज कराई एवं वृक्षारोपण करने में सहयोग किया।

| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

**Gurgaon Unit: 07.08.23**

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार आज चतुर्दशी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 107 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया। श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 2-2 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी और श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की। इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया।

राजेश जैन, सचिव

**Jaipur Unit: 07.08.23**

**जैन बैंकर्स फोरम जयपुर द्वारा वृक्षारोपण का आयोजन: एक वर्ष में पंचम कार्यक्रम: पेड़ लगाओ। पर्यावरण बचाओ।।**

दिनांक 06/08/23 को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर ने मोहन बाड़ी दिगंबर जैन मंदिर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रजातियों के वृक्ष लगाकर पर्यावरण रक्षण का आव्हान किया। विश्व जल, वायु, ध्वनि व मृदा प्रदूषण से ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से जूझ रहा है। इसके निराकरण हेतु वृक्षारोपण ही एकमात्र सहज और सरल उपाय है। हमारे देश में भी वर्तमान में 1200 करोड़ वृक्ष और लगाने की आवश्यकता है। देश में प्रति व्यक्ति मात्र 28 पेड़ है जबकि प्रति व्यक्ति औसतन 37 वृक्षों की आवश्यकता है। इस समस्या से निपटने हेतु सभी व्यक्तियों का सहयोग आवश्यक है। उपस्थित सभी सहयोगियों ने समय समय पर अधिक से अधिक वृक्ष लगाने हेतु अपनी भावना व्यक्त की। जैन बैंकर्स की ओर से अध्यक्ष भागचंद जैन मित्रपुरा, मनोरमा जैन, आशीष बाकलीवाल, आशिका जैन, अधीश जैन, कार्याध्यक्ष पदम बिलाला, अशोक जैन, श्रीमती रश्मि जैन, विमल कुमार जैन, राजेंद्र पापड़ीवाल, कोषाध्यक्ष कमल चंद जैन ने वृक्षारोपण किया। इस कार्यक्रम में लगाए गए विभिन्न प्रजातियों के बड़े बड़े पौधे - कचनार, बेलपत्र, गुलमोहर, अनार, चीकू, नीम, शहतूत, जामुन, करौंदा, नींबू आदि महावीर प्रसाद शर्मा, सेवानिवृत प्राध्यापक, श्रीमती निर्मला शर्मा एवं ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी में कार्यरत श्रीमती प्रतिभा शर्मा, अनिता कॉलोनी द्वारा स्वयं के घर में विकसित कर उपलब्ध कराए गए। पार्षद श्री पारस जैन की उपस्थिति एवं उनके द्वारा वृक्षा रोपण ने आयोजको में ऊर्जा का संचार भर दिया। मोहन बाड़ी जैन मंदिर की कार्यकारिणी से राजेंद्र बिलाला, नरेंद्र जैन, राजीव पांड्या,

सुभाष जैन, राज कुमार बज, दिनेश जैन, भागेश बिलाला, अजय गोधा, मनोज जैन, मनोज पाटनी आदि ने इस कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग दिया, वृक्षारोपण किया एवं पौधो की देखरेख हेतु आश्वस्त किया ।

## Gurgaon Unit: 08.08.23

**फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार आज अष्टमी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 108 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया ।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 2-2 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी और श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की । इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया ।**

**राजेश जैन, सचिव**

## Gurgaon Unit: 12.08.23

दिनांक 01 अगस्त 2023 को फोरम की गुरुग्राम यूनिट द्वारा ऑनलाइन, तृतीय धार्मिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सदस्यों ने बहुत उत्साह के साथ भाग लिया ।दिनांक 09/08/2023 को प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया जिसमें प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को फोरम द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से धर्म के प्रति उत्पन्न जागृति के कारण विभिन्न शास्त्रों और जिनवाणी का अध्ययन करने का मौका मिल रहा है जिसकी सभी सदस्य भरपूर फायदा उठा रहे हैं । अगली प्रतियोगिता इसी माह की 16 तारीख को प्रस्तावित है।

## Bhopal Unit: 13.08.23

कल दिनांक 12अगस्त को भोपाल से 30km दूर अत्यंत रमणिक, प्राचीन अतिशय क्षेत्र श्री भोजपुर में जैन बैंकर्स फोरम भोपाल का मिलन समारोह का सपरिवार आयोजन किया गया जिसमे 26 परिवारों के 60 से अधिक परिवारजनों ने भाग लिया. सुबह 7.30बजे से भगवान शांतिनाथ का प्रक्षाल और शांतिधारा की उसके उपरांत सभी सदस्यों ने शांति विधान किया 2 घंटे तक सभी सदस्यों ने पूर्ण भाव से विधान किया.विधान उपरांत 10.30बजे से सुस्वादु नाश्ता पोहा, मंगोडी और मावे की जलेबी का भरपूर आनंद लिया. मंदिर के पास ही नव निर्मित गोशाला में व्रक्षा रोपण किया गया अत्यंत सुहाने मौसम और हरियाली ने कार्यक्रम को आनंद दायक बना दिया. व्रक्षा रोपण उपरांत smt Meenakshi Jain द्वारा गेम्स का आयोजन किया गया जिसमे सभी ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और विजेताओं को पौधे उपहार दिए गए. तदुप्रांत सामान्य मीटिंग में पहली बार 75 वर्ष के सभी सदस्यों का सम्मान किया गया, एवम परंपरा अनुसार नवीन सदस्यों और विशेष कार्य करने वाले सदस्यों का सम्मान किया गया. सदस्यों के बर्थडे सेलिब्रेशन हेतु हमने तीन क्लस्टर बनाकर तीन टीम मैनेजर बनाए जो birthday के दिन सदस्य के घर जाकर बधाई देंगे. किरण फाउंडेशन द्वारा अंगदान देहदान का महत्त्व बताया गया और सीपीआर का डेमोस्ट्रेशन किया गया. तीर्थ संरक्षणी संस्था द्वारा तीर्थ बचाव हेतु गुल्लक प्रदान की गई. अंत में सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया गया और लंच दाल बाफले लड्डू का प्रारंभ हुआ. अंत में ग्रुप फोटो के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ.

## THA Ghaziabad Unit: 13.08.23

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा द्वारा आज दिनांक 13 अगस्त 2023 की रात्रि 7:00 बजे से 48 दीप भक्तांमर पाठ का आयोजन श्री दिगंबर जैन मंदिर महावीर वाटिका वैशाली गाजियाबाद में आयोजित किया गया जिसमें शाखा सदस्यों द्वारा सपरिवार भाग लिया साथ ही इसमें वर्धमान वुमन क्लब के सदस्यों द्वारा भी सहयोग प्रदान किया गया। *कार्यक्रम में मुख्य रूप से शाखा संरक्षक श्री जेके जैन शाखा अध्यक्ष श्री विशाल चंद जैन शाखा सचिव श्री अंकित जैन शाखा कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन, श्री मयंक कुमार जैन, बर्कले बैंक, श्री अतुल जैन कोटक महिंद्रा बैंक, श्री सुखसागर जैन AGM एसबीआई इंदिरापुरम, श्री अभिक जैन एचडीएफसी बैंक एवं उनके परिवार सदस्यों ने भाग लिया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

**Gurgaon Unit: 15.08.23**

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार आज चतुर्दशी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 109 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया। श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 2-2 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी और श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की। इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया।

राजेश जैन, सचिव

**Jaipur Unit: 18.08.23**

जैन बैंकर्स फोरम जयपुर के संरक्षक एवं अन्य कई संस्थाओं के कार्यकारी श्रीमान उमराव मल जी संघी साहब को Digambar jain samaj bapu nagar sambhag ki kamaan मिली.

**Aligarh Unit: 21.08.23**

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम अलीगढ़ शाखा द्वारा दिनाक 20/8/23 को श्री पारसनाथ दिगंबर जैन खंडेलवाल पंचायती मंदिर में भक्ताम्बर पाठ का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 40 सदस्य एवं अन्य धर्मानुरागी बंधु शामिल हुए |

**Gurgaon Unit: 21.08.23**

रविवार दिनांक 20 अगस्त, 2023 को गुरुग्राम यूनिट द्वारा प्रातः 11 बजे से श्री सिद्धांत तीर्थ क्षेत्र, शिकोहापुर, गुरुग्राम में निम्नलिखित कार्यक्रम संपन्न किये गए :-----
1 - श्री सिद्धांत तीर्थ क्षेत्र के छात्रावास के 40 बच्चों के लिए धार्मिक प्रश्नोत्तरी का आयोजन (श्री पार्श्वनाथ भगवान से सम्बंधित प्रतियोगिता). तत्पश्चात 100 अंक प्राप्त करने वाले सभी 13 छात्रों को पुरुस्कार प्रदान किए गए एवं सभी छात्रों को कॉपी, पेन एवं फल वितरित किये गए। (इसका प्रायोजन श्री सोम प्रकाश जी जैन, संरक्षक द्वारा किया गया) 2 - छात्रावास के बच्चों को दोपहर का भोजन कराया गया .तत्पश्चात फोरम के सदस्यों द्वारा सामूहिक भोजन किया गया. ( इस कार्य का प्रयोजन श्री पी के जैन जी, संरक्षक द्वारा किया गया )
3 - वृक्षारोपण का कार्य फोरम के सभी सदस्यों द्वारा किया गया।
4 - *गौशाला में हरा चारा एवं गुड़ का दान सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा किया गया।
कार्यक्रम में 25 सदस्यों ने अपनी सहभागिता प्रदान की एवं बड़े ही उत्साह से सभी कार्यों में बढ़ चढ़ कर भाग लिया! प्रतियोगिता के प्रश्नपत्र एवं आंकलन का दायित्व निम्न महिला सदस्यों द्वारा बड़ी ही निपुणता से संपन्न किया गया :-
1 - श्री मति पुष्पा जैन
2 - श्री मति रेखा जैन
3 - श्री मति प्रभा रानी जैन
4 - श्री मति सुषमा जैन
5 - श्री मति साधना जैन
6- श्रीमती अचला जैन
तत्पश्चात सभी उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद सहित कार्यक्रम समाप्त किया गया!!
आयोजक :
पी के जैन विशिष्ट संरक्षक
सोम प्रकाश जैन, परम संरक्षक
नरेश जैन, SBI, संरक्षक.
पवन कुमार जैन, अध्यक्ष.
राजेश चन्द जैन, सचिव.
डी सी जैन, सह सचिव.
डी पी जैन, कोषाध्यक्ष.

## Lalitpur Unit & Ujjain Unit: 24.08.23

केंद्रीय कार्यकारिणी के निर्देशानुसार दिनांक 23/8/23 को उज्जैन पहुंचकर यूनिट की बैठक यूनिट के उपाध्यक्ष श्री हीरा लाल जी बिलाला के निवास स्थान पर आयोजित की गई। जिसमे यूनिट के अध्यक्ष श्री राकेश कुमार जैन, उपाध्यक्ष श्री हीरा लाल बिलाला,कोषाध्यक्ष श्री राजेंद्र पापड़ीवाल,वरिष्ठ सदस्य श्री एन के झांझरी,श्री अरविंद कुमार जैन,श्री सुनील जैन आदि मौजूद रहे।मीटिंग का शुभारंभ श्री बिलाला जी ने मंगलाचरण एवं आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज के जयकार के साथ किया।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष/यूनिट कोऑर्डिनेटर श्री सनत जैन खजुरिया मीटिंग शुरू करते हुए जैन बैंकर्स फोरम के उद्देश्यों के वारे में विस्तार से अवगत कराया एवं बताया कि उज्जैन यूनिट कार्य अवश्य करती है किंतु रिपोर्टिंग के अभाव में सक्रियता प्रतीत नहीं होती। उन्होंने कहा की यदि समय समय पर यूनिट द्वारा निम्न कार्य किए जाए तो उज्जैन यूनिट सक्रिय यूनिट वन जाएंगी।

1 वृक्षारोपण कार्य संपन्न करना ।

2 शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को स्कूल फीस, ड्रेसेस,पाठ्य पुस्तकें वितरित करना आदि।

3 साधर्मी के लिए बैंकिंग सुविधाएं , सभी प्रकार के बैंक ऋण उपलब्ध जाने में मदद,पेंशन,फैमिली पेंशन,मृत दावों के निस्तारण में मदद,आदि कराना।

4 जैन बैंकर्स फोरम के बैनर तले धार्मिक गतिविधियों में भागीदारी करना।

5 विभिन्न धार्मिक अवसरों पर स्कूल/पाठशालाओं में निबंध/भाषण प्रतियोगिता आयोजित कर पुरुस्कार वितरण करना ।

6 स्वस्थ शिविरो का आयोजन करना ।

7 धार्मिक स्थल पर टूर

आदि अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित कर हम सक्रिय रह सकते है ।

8 सदस्यों से नियमित वार्षिक शुल्क लेकर उसका 50% केंद्र को भेजने हेतु अनुरोध किया गया।

इस अवसर पर श्री राकेश जैन जी एवं श्री बिलाला जी ने आश्वस्त किया की उनकी यूनिट पूरी सक्रियता के साथ सुझाए गए कार्यक्रमों को संपादित करेगी एवं किए गए कार्यों की रिपोर्ट केंद्र को भेजेगी। यूनिट के वरिष्ठ सदस्य श्री अरविंद जैन साहब ने सुझाव दिया की केंद्र सरकार द्वारा अल्प संख्यक समुदाय के लोगों को छात्र वृति की सुविधा अनुमन्य ही किंतु जानकारी के अभाव में अपनी समाज के लोग इसका लाभ नहीं ले पाते है अत बैंकर्स फोरम के माध्यम से समाज के मध्य इस जानकारी प्रसारित करना उत्तम रहेगा।अंत में आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज की जयकारा के साथ मीटिंग समाप्त की गई।

सनत जैन खजुरिया<br>
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष/कोऑर्डिनेटर<br>
ललितपुर

## Gurgaon Unit: 30.08.23

फोरम द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार कल चतुर्दशी के अवसर पर जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम के सदस्यों ने सायं 07.30 पर गूगल मीट पर सामूहिक रूप से श्री भक्तामर जी का 111 वाँ कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण से किया ।श्री भक्तामर जी का पाठ सभी उपस्थित सदस्यों ने 2-2 काव्य बोल कर किया उसके पश्चात सबने श्री भक्तामर जी की महिमा पढ़ी ।ओर श्री महावीर भगवान की आरती तथा जिनवाणी माता की स्तुति की । इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन समाधी भावना के उच्चारण से किया गया ।

राजेश जैन, सचिव

## Gurgaon Unit: 31.08.23

हमारी शाखा के वरिष्ठ सदस्य श्री राकेश जैन एवम श्रीमति रेखा जैन ने " दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान , जम्बूद्वीप, हस्तिनापुर " द्वारा तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के सहयोग से संचालित, एडवांस सर्टिफिकेट इन जैनोलॉजी सेशन 2022 –23 के कोर्स में भाग लेकर उत्तीर्णता प्राप्त कर प्रमाण पत्र हांसिल किया है। गुरुग्राम यूनिट के सभी सदस्य उनकी सफलता, धर्म प्रभावना की सराहना एवं अनुमोदना करते है तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं.

राजेश जैन,सचिव